डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 31 | पेज: 8 | जयपुर, गुरुवार, 09 जनवरी 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

## गरीब नवाज की दरगाह में पेश हुई पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत की चादर

अजमेर (रॉयल पत्रिका)। अजमेर सर्किट हाउस से डॉ खानू खान बुधवाली सैकड़ों कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व सीएम अशोक गहलोत की चादर लेकर दरगाह शरीफ पहुंचे। उन्होंने ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की मजार पर मखमली चादर व अकीदत के फूल पेश किए। इसके बाद बुलंद दरवाजे पर डॉ खानू खान बुधवाली ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का संदेश पढ़कर सुनाया।

दरगाह के खादिम वाहिद हुसैन अंगारा ने डॉ खानू खान बुधवाली और पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ सहित अन्य नेताओं को जियारत कराकर उनकी दस्तार बंदी की। चादर पेश करने के दौरान डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष




डॉक्टर राजुकमार जयपाल, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष द्रौपदी कोली, फखरे मोईन, पार्षद नोरत गुर्जर शामिल हुए। गौरतलब है कि एक दिन पहले एआईसीसी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की ओर से ख्वाजा साहब की दरगाह में पेश की चादर में भी पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ शामिल हुए थे। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का संदेश

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने संदेश में कहा कि मैं ख्वाजा गरीब नवाज हजरत मोईनुद्दीन चिश्ती संजरी रहमतुल्लाह अलैय के 813वें उर्स पर खिराजे अकीदत पेश करते हुए तहेदिल से आप सभी को मुबारकबाद देता हूँ।

हिंदुस्तान की सरजमी को हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती रहमतुल्लाह अलेय जैसे औलियाओं ने हमें खुदाई खिदमत और रूहानी तालीमात से फैजयाब किया है। गरीब नवाज ने हमेशा समाज के कमजोर, गरीब, बेसहारा और मजलूमों की खिदमत करने के साथ आपसी भाईचारा मजबूत करने और मोहब्बत कायम रखने पर जोर दिया।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की चादर अजमेर दरगाह में पेश, अमन-चैन की दुआ

अजमेर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से अजमेर दरगाह में पेश की गई चादर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती के नेतृत्व में दरगाह शरीफ पहुँची। गद्दीनशीन खादिम सैयद अफशांन चिश्ती ने मुख्यमंत्री की ओर से भेजी गई चादर को पेश करते हुए प्रदेश और देश में अमन-चैन की दुआ की।

इस अवसर पर हमीद मेवाती ने मुख्यमंत्री का संदेश पढ़कर सुनाया, जिसमें सूबे में शांति और सौहार्द की कामना की गई थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की चादर सूफी परंपरा के साथ



आस्ताने तक पहुँचाई गई, जो भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है।

सर्किट हाउस में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नेताओं का शहर अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा और अन्य कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा शहर अध्यक्ष रमेश सोनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुसैन खान, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एम. सादिक खान, प्रदेश महामंत्री जावेद कुरैशी, और अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति रही।

चादर पेश करने और ज़ियारत व्यवस्थाओं में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कई सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

**संक्षिप्त समाचार**

### प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले दागे

**बंदी सिखों की रिहाई की मांग**

**चंडीगढ़/अमृतसर (एजेंसी)।** बंदी सिखों की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने मंगलवार को चंडीगढ़ कूच की कोशिश की। कौमी इंसाफ मोर्चे के 2 साल पूरे होने पर मोहाली में कार्यक्रम रखा गया था। इसी दौरान कुछ प्रदर्शनकारी पुलिस को चकमा देकर चंडीगढ़ में घुस गए। चंडीगढ़ की एसपी कंवरदीप कौर और अन्य अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को सेक्टर 43 में रोक लिया। पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज किया, आंसू गैस के गोले दागे और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। 4 बसों में भरकर प्रदर्शनकारियों को



थाने ले जाया गया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने वापस लौटने का ऐलान किया। प्रदर्शनकारी दोबारा कूच न करें, इसलिए पुलिस ने चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर 5 लेयर बैरिकेडिंग की है। साथ ही पत्थरों से भरे टिप्पर भी खड़े किए गए हैं। मोर्चे के नेता बाबा शेर सिंह ने कहा- 25 जनवरी को मोहाली में महापंचायत होगी, जिसमें बंदी सिखों की रिहाई का मुद्दा उठाया जाएगा। महापंचायत में देशभर से बड़े नेता पहुंचेंगे। अमृतपाल के माता-पिता को हाउस अरेस्ट किया गया है।

### भारत-यूएस परमाणु समझौते में आ रही परेशानी दूर करेगा अमेरिका

**एनएसए जेक सुलिवन बोले-**

**मनमोहन सिंह ने 20 साल पहले जो सोचा उसे हकीकत बनाएंगे**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने भारत-अमेरिका परमाणु समझौते में आ रही परेशानियों को दूर करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि इसके लिए अमेरिकी सरकार जरूरी कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि अमेरिका लंबे समय से उन रुकावटों को हटाने में लगा हुआ है। सुलिवन ने कहा- लगभग 20 साल पहले पूर्व राष्ट्रपति बुश और भारत के पूर्व



प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने परमाणु समझौते की एक दूरदर्शी सोच की नींव रखी थी, जिसे हमें अब पूरी तरह हकीकत बनाना है। सुलिवन भारत दौरे पर आए हुए हैं। उन्होंने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर से भी मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक सहयोग को बढ़ाने पर जोर दिया। सुलिवन ने कहा कि दोनों देश प्रदूषण रहित ऊर्जा तकनीक पर काम कर रहे हैं। इसके लिए दोनों देश समझौते पर खासा जोर दे रहे हैं ताकि भारत-अमेरिका की एनर्जी कंपनियों को उनकी नई तकनीक के विस्तार में मदद कर सकें।

## शबाब पर ठंड, यूपी में 25 लोगों की मौत

- गुलमर्ग में बर्फबारी के बाद एवलांच,16 राज्यों में घना कोहरा
- 25 फ्लाइट लेट, राजस्थान के 20 जिलों में स्कूलों की छुट्टी



**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में मंगलवार सुबह एवलांच आया। इससे पहले इस इलाके में 2 फीट तक बर्फबारी हुई थी। एवलांच के चलते फिलहाल किसी नुकसान की सूचना नहीं है। जम्मू-कश्मीर में गुलमर्ग के अलावा कई जिलों में बर्फबारी हुई। इससे मुगल रोड, श्रीनगर-लेह रोड, सेमथान-किश्तवाड़ रोड और गुरेज हाईवे बंद कर दिया गया। मौसम विभाग के मुताबिक यहां 2 से 3 दिन तक बर्फबारी की संभावना रहेगी। उधर, हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के साथ-साथ में बारिश का भी



अलर्ट जारी किया गया है। इन राज्यों में बर्फबारी के कारण उत्तर भारत के बाकी राज्यों में तेज सर्दी का असर देखने को मिल रहा है। आज देश के 16 राज्यों में सुबह घना कोहरा देखने को मिला। मौसम विभाग के कहा कि पंजाब, जम्मू, उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ जिलों में विजिबिलिटी घटकर जीरो हो गई। इससे कई फ्लाइट्स लेट हुईं। अकेले यूपी में ही 25 फ्लाइट और कई ट्रेनें लेट हुईं। उत्तर प्रदेश ठंड के चलते पिछले 48 घंटे में 25 लोगों की मौत हो चुकी है।

### आसाराम को 11 साल में पहली बार मिली जमानत

**सुप्रीम कोर्ट से 31 मार्च तक मिली बेल**

**जोधपुर (एजेंसी)।** जोधपुर सेंट्रल जेल में रेप के आरोप में आजीवन सजा काट रहे आसाराम (83) को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। आसाराम को सूरत के अपने आश्रम में महिला अनुयायी से रेप के मामले में 31 मार्च तक बेल



मिली है। हालांकि, उसके जेल से बाहर निकलने की संभावना नहीं है, क्योंकि आसाराम नाबलिग से रेप का भी दोषी है। फिलहाल वह जोधपुर सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। आसाराम को बीते 5 महीने में तीन बार पैरोल भी मिल चुकी है।



### मणिपुर के सैबोल गांव में तैनात रहेंगे सुरक्षा बल

**सीआरपीएफ और बीएसएफ के जवानों की नहीं होगी वापसी**

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर की राजधानी इंफाल के पूर्वी जिले की सीमा पर बसे सैबोल गांव से सुरक्षाबल सीआरपीएफ और बीएसएफ को नहीं हटाए जाने को लेकर भड़की हिंसा मामले में सिक्यॉरिटी एजेंसियों का कहना है कि फिलहाल इन दोनों सुरक्षाबल को वहां से हटाने का अभी कोई इरादा नहीं है। दोनों सुरक्षाबल अपना काम बड़ी मुस्तैदी और ईमानदारी से कर रहे हैं। विरोध-प्रदर्शन की वजह से इन्हें नहीं हटाया जा सकता। मणिपुर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि तीन जनवरी को हिंसाग्रस्त कांगपोकपी जिले में स्थिति अभी कंट्रोल में है।

यहां शुक्रवार शाम उग्र प्रदर्शनकारियों ने एसपी ऑफिस पर हमला कर दिया था, जिसमें एसपी मनोज प्रभाकर समेत कई पुलिसकर्मी भी घायल हो गए थे। यह हिंसा कुकी समुदाय के लोगों द्वारा सैबोल गांव से सुरक्षाबलों में खासतौर से बीएसएफ और सीआरपीएफ को हटाए जाने की मांग को लेकर थी। इससे पहले तीन मई 2023 से शुरू हुई हिंसा का यह दौर मणिपुर में रुक-रुककर सामने आ रहा है।

## असम में खदान में 34 घंटे से फंसे 9 मजदूर, सेना पहुंची

**300 फीट गहरी कोयला खदान में पानी भरा, डाइवर्स मौजूद, मोटर से निकाल रहे पानी**



दीमा हसाओ (एजेंसी)। असम के दीमा हसाओ जिले के उमरंगसो में 300 फीट गहरी कोयला खदान में सोमवार को अचानक पानी भर गया था, जिससे 9 मजदूर अंदर फंस गए। मजदूरों के फंसने की सूचना 34 घंटे पहले सोमवार सुबह करीब 7 बजे मिली थी। अब इन मजदूरों के रेस्क्यू में सेना को लगाया गया है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम भी मदद कर रही है। असम के माइनिंग मिनिस्टर कौशिक राय घटनास्थल पर मौजूद हैं। भारतीय सेना और असम राइफल्स के गोताखोर और मेडिकल टीम के साथ इंजीनियर्स टास्क फोर्स रेस्क्यू में शामिल हो गई है। कुछ रिपोर्ट्स में 3 मजदूरों के शव दिखने की बात कही गई। एसपी मयंक कुमार झा से बात की तो उन्होंने कहा कि कोई शव नहीं दिखाई दिया है। पुलिस ने खदान के मालिक पुनीश नुनिसा को गिरफ्तार कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये रैट माइनर्स की खदान है। इसमें 100 फीट तक पानी भर गया है, जिसे दो मोटर की मदद से



निकाला जा रहा है। दीमा हसाओ जिले के एसपी मयंक झा ने बताया कि खदान में कई मजदूरों के फंसे होने की आशंका है। प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के मुताबिक अचानक पानी आया, जिसके कारण मजदूर खदान से बाहर नहीं निकल पाए। इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम, लोकल अधिकारियों और माइनिंग एक्सपर्ट की टीमों के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। खदान में फंसे मजदूरों का पता लगाया जा रहा है। ऐसा ही एक हादसा मेघालय की ईस्ट जयंतिया हिल्स में 2018 में हुआ था। जहां 15 मजदूर कोयला खदान में फंसकर मारे गए थे। 13 दिसंबर को इस खदान में 20 खनिक 370 फीट गहरी खदान में घुसे थे, जिसमें से 5 मजदूर पानी भरने से पहले बाहर निकल आए थे। 15 मजदूरों को बचाया नहीं जा सका था।

## ईसी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव का कर दिया ऐलान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव सिंगल फेज में 5 फरवरी को होगा। रिजल्ट 8 फरवरी को आएगा। यह जानकारी चुनाव आयोग ने मंगलवार को दी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार

- सिंगल फेज में 5 फरवरी को होगी वोटिंग, नतीजे 8 को
- डेढ़ करोड़ वोटरों के लिए बनाए गए हैं 33 हजार बूथ

ने बताया कि देश की राजधानी में डेढ करोड़ वोटरों के लिए 33 हजार बूथ बनाए गए हैं। 83.49 लाख पुरुष, 79 लाख महिला वोटर्स हैं। 2.08 लाख नए वोटर्स है। 830 वोटर 100 साल की उम्र से ज्यादा हैं। इससे पहले मुख्य चुनाव आयुक्त ने चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोपों पर 30 मिनट तक फैक्ट्स के साथ सफाई दी। उन्होंने कहा कि चुनाव में वोटर्स बढ़ाने,खास वर्ग को टारगेट करने के आरोप गलत हैं। चुनावी प्रक्रिया को खत्म करने में वक्त लगता है। यह सब एक तय प्रोटोकॉल के तहत होता है। दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23




फरवरी को खत्म हो रहा है। इसके अलावा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर हो रहे हैं। इसके चलते 18 फरवरी से पहले चुनाव प्रक्रिया पूरी कराए जाने की संभावना है। 2020 के विधानसभा चुनावों की घोषणा 6 जनवरी को हुई थी।

### चीन में भूकंप से 95 की मौत,130 लोग घायल

**रिक्टर स्केल पर 7.1 तीव्रता**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन के तिब्बत प्रांत में मंगलवार सुबह आए भूकंप से 95 लोगों की मौत हो गई, जबकि 130 घायल हो गए। चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक सुबह 9.05 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 6.30 बजे) आए इस भूकंप का केंद्र तिब्बत के शिजांग में जमीन से 10 किलोमीटर नीचे था। भारत के नेशनल सेंटर फ ा ॅ र सीस्मोलॉजी के मुताबिक रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 7.1 थी। भूकंप



का असर नेपाल, भूटान सहित भारत के सिक्किम और उत्तराखंड में भी दिखा। फिलहाल भारत में इससे जान माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। एजेंसी ने बताया कि पहले भूकंप के तुरंत बाद इस क्षेत्र में दो और भूकंप आए थे। लोकल अधिकारी लगातार हालात का जायजा ले रहे हैं, इस वजह से हताहतों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है।

## आतंकवाद लोकतंत्र के लिए नासूर, इसकी फंडिंग और भी खतरनाक

**शाह ने दिल्ली में इंटरपोल से राज्य पुलिस को जोड़ने का पोर्टल लॉन्च किया**

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार सुबह दिल्ली में भारतपोल पोर्टल लॉन्च किया।

इस दौरान शाह ने कहा- आतंकवाद, लोकतंत्र, मानवाधिकार, आर्थिक प्रगति और विश्व शांति के खिलाफ सबसे बड़ा नासूर है, जिसे हमें जीतने नहीं देना है।

उन्होंने आगे कहा कि आतंकवाद वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। आतंकवाद की फंडिंग कहीं अधिक खतरनाक है, क्योंकि यह फंड आतंकवाद को पोषित करके दुनिया के अर्थतंत्र को कमजोर करता है। शाह ने कहा कि भारतपोल हमारे देश की अंतर्राष्ट्रीय जांच को एक नए युग में ले जाएगा।



पहले सीबीआई एकमात्र एजेंसी थी जो इंटरपोल के साथ काम करने के लिए पहचानी गई थी, लेकिन अब भारतपोल के जरिए हर भारतीय एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस आसानी से इंटरपोल से जुड़ पाएगी।

# रॉयल पत्रिका
## संपादकीय

## कोरोना के बाद सामने आया एक और नया खतरा

एक बार फिर कोरोना विषाणु की तरह के एक विषाणु ने दस्तक दी है- ह्मन मेटान्यूमो वायरस यानी एचएमपीवी। इसका प्रसार भी चीन से शुरू हुआ है। भारत में भी कुछ लोगों में इसका संक्रमण पाया गया है। इसके लक्षण और प्रभाव लगभग कोरोना विषाणु जैसे ही हैं। यह भी श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है। संक्रमित व्यक्ति को बुखार, सिर दर्द रहता और सांस लेने में तकलीफ होती है। अभी इसका संक्रमण बच्चों में देखा गया है और कोई गंभीर प्रभाव दर्ज नहीं हुआ है।

मगर इस विषाणु की दस्तक से स्वाभाविक रूप से चिंता बढ़ गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और जिला प्रशासन को इसे लेकर सतर्क रहने का निर्देश दे दिया है। संदिग्ध मामलों की तुरंत जांच और उपचार की व्यवस्था करने को कहा गया है। हालांकि सरकार लोगों को लगातार आश्वस्त कर रही है कि इस विषाणु को लेकर बहुत परेशान होने की जरूरत नहीं है। इसके गंभीर परिणाम नहीं हो रहे।

**कोविड की तरह उचित सावधानियां बरतना जरूरी**

आसानी से इसका उपचार किया जा पा रहा है। मगर इससे बचाव के एहतियाती, कोविड की तरह उचित सावधानियां बरतना जरूरी है। विषाणु से पैदा होने वाली बीमारियां लापरवाही की वजह से ही फैलती हैं, इसलिए एचएमएनवी के मामले में भी लोगों से एहतियाती सावधानियां बरतने की अपेक्षा की जा रही हैं।

हालांकि विषाणु से फैलने वाली बीमारियों के बारे में अंतिम रूप से कुछ भी दावा करना मुश्किल होता है कि वे भविष्य में क्या रूप ले सकती हैं। इसलिए कि विषाणु अपना स्वरूप बदलते रहते हैं। अक्सर वे शीर्ष घातक रूप में पहुंचने के बाद कमजोर होना शुरू हो जाते हैं। कोरोना के मामले में भी शुरू-शुरू में दावा किया गया था कि एहतियाती उपाय अपना कर इससे बचा जा सकता है। मगर इस विषाणु ने अपना स्वरूप बदला तो अधिक शक्तिशाली रूप में प्रकट हुआ और दुनिया भर में उससे निपटना कठिन हो गया।

**कोरोना के लिए लोगों को लगाए जा चुके हैं टीके**

अब कोरोना विषाणु की पहचान के संसाधन और कारगर टीके उपलब्ध हैं। लगभग सभी लोगों को ये टीके लगाए भी जा चुके हैं। जिनमें प्रतिरोधक क्षमता कमजोर थी, उन्हें अतिरिक्त खुराक भी दी जा चुकी है। इस तरह ज्यादातर लोगों की प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हुई है।

# पश्चिमी देशों की नकल करके फूहड़ और लज्जाहीन हो रही है युवा पीढ़ी

देश की संस्कृति और आदर्शों की अवहेलना से नैतिक मूल्यों का निरन्तर हो रहा है पतन। सवाई मधोपुर। पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव से देश में फैशन और प्रदर्शन की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। इस कथन में लेशमात्र भी मिथ्या नहीं है। पाश्चात्य संस्कृति इतनी प्रभावशाली हो गई है कि लोगों की विवेकबुद्धि कुंठित हो गई है। क्या सही है, क्या गलत है, यह सोचना ही बन्द कर दिया है। कभी-कभी तो पाश्चात्य संस्कृति का फैशन इतना हास्यास्पद प्रतीत होता है कि लोगों की बुद्धि पर दया आती है। फैशन में भी तो एक सन्तुलन होना चाहिए। फैशन के नाम पर भारतीय संस्कृति को तिलांजलि देकर पाश्चात्य संस्कृति को अपनाना अपनी ही जड़ों पर कुठाराघात किया जाने के समान है। नवीनता लाना या परिवर्तन लाना बुरी बात नहीं है, लेकिन उसमें शालीनता भी होनी चाहिए। फैशन के नाम पर भारतीय समाज एवं संस्कृति में नग्नता, अश्लीलता, मर्यादाहीनता प्रवेश कर रही है इससे समाज में विकृति उत्पन्न हो रही हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि पश्चिमी देशों की नकल करके हम लोग फूहड़ और लज्जाहीन हो गये हैं। पाश्चात्य संस्कृति को आत्मसात करके हम अपने रीति-रिवाजों और श्रेष्ठ परम्पराओं को नष्ट करते जा रहे हैं। फलस्वरूप समाज में अपराध, अशिष्टता, अश्लीलता, पारिवारिक विघटन उत्पन्न हो रहे हैं। आज के युवा वर्ग को न्यू ईयर, वेलेन्टाइन डे, अप्रैल फूल, रोज डे, मदर्स डे, फादर्स डे आदि तो याद रहते हैं। परन्तु माता-पिता, गुरु, बड़े बुर्जुगों के प्रति आदर भाव याद नहीं रहता है। पाश्चात्य सभ्यता का ही परिणाम है कि शादी के बाद बहुत शीघ्र सम्बन्ध विच्छेद हो जाते हैं। हमारे पूर्वजों ने एक लम्बे और गहन अध्ययन के बाद मनुष्य के लिए एक सभ्य समाज की संरचना हेतु हर क्षेत्र में कुछ आदर्श, कुछ मूल्य, कुछ सीमाएँ निर्धारित की थीं। जिनके अनुपालन से भारतीय संस्कृति विश्व में पूजनीय बनी। परन्तु आज के समय में युवाओं द्वारा उन्हीं आदर्शों की अवहेलना से हमारे नैतिक मूल्यों का निरन्तर पतन हो रहा है। यह पाश्चात्य संस्कृति का ही प्रभाव है कि पति-पत्नी के सम्बन्धों के बीच तीसरे की उपस्थिति न्यायोचित ठहराई जा रही है। शर्म की बात तो यह है कि भारतीय नारी जिसकी सुन्दरता तथा श्रृगांर उसकी लज्जा हुआ करती थी. आज वह लज्जारहित हो रही है। युवक-युवतियों पर माता-पिता का कोई अंकुश नहीं रहा जिसका परिणाम गर्लफ्रेंड बॉय फ्रेंड आधुनिक फैशन है। देर रात तक घर से बाहर रहना, क्लब में पार्टी, ड्रिंक व डांस करना यह सब पाश्चात्य संस्कृति का ही प्रभाव है। प्रेम विवाह. इसी संस्कृति की देन है। पाश्चात्य सभ्यता ने माँ को मौम व पिता को डैड कर दिया है। भाई-बहन के अतिरिक्त समाज के अहम व महत्त्वपूर्ण सम्बन्ध भी इतने दूषित हो गये हैं जिन्हें सुनकर लोग शर्मसार हो जाते हैं। इतिहास साक्षी है कि जब कभी भी किसी देश, समाज, धर्म या समुदाय को हानि पहुँची है तो उसका कारण उसकी सभ्यता व संस्कृति तथा उसके आदर्शों पर कुठाराघात है। भौतिक सुख की पराकाष्ठा को प्राप्त करने की चाहत ने युवाओं की जीवन शैली को अनियंत्रित तथा असंयमित बना दिया है। आज युवा वर्ग में नशाखोरी, तस्करी व सेक्स के प्रति अति संवेदनशीलता व अन्य आपराधिक गतिविधियों में इनकी संलिप्तता आम रूप से देखी जा रही है जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से पश्चिमी जीवन शैली के प्रति इनके झुकाव से जुड़ा है। यह निश्चित रूप से स्वस्थ्य समाज की रचना में सबसे बड़ी बाधा है। आज के समय में छोटे शहरों एवं ग्रामीण परिवेश में पली-बढ़ी युवतियां फिल्मों में सस्ती लोकप्रियता व धन के लिए अंग-प्रदर्शन से गुरेज नहीं कर रही है। फैशन शो तथा ब्यूटी कांटेस्ट का आयोजन छोटे-छोटे शहरों तक पसर चुका है ये सभी बदलाव पश्चिमी सभ्यता के प्रति युवाओं में बढ़ता आकर्षण का प्रमाण है। इस आंधी में बह कर ये युवा अपने समाजिक उत्तदायित्व का निर्वहन नहीं कर रहे हैं इस वजह से समाज में कई तरह की बुराईयां उत्पन्न हो गई है जो हमारे समाज और परिवार को कमजोर बना रही है।



लेखक
किरोड़ी लाल मीना

# HMPV वायरस के भारत में 8 केस, कितना खतरनाक है कोरोना जैसा वायरस

HMPV यानी ह्मन मेटान्यूमोवायरस इंफेक्शन और सांस से जुड़ा वायरस है। इसमें मरीजों को खांसी, बुखार, सांस लेने में तकलीफ और नाक बहने जैसी समस्याएं होती हैं।

HMPV एक RNA वायरस है, जो आमतौर पर सर्दी जैसे लक्षण पैदा करता है। इसका जोखिम ठंड के मौसम में ज्यादा होता है। अमेरिका के सेंटर्स फॉर डीजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (CDC) के मुताबिक, ये वायरस न्यूमोविरिडे वायरस फैमिली से जुड़ा है, जिसमें रेस्पिरेटरी सिंसिटियल वायरस (RSV) भी शामिल है।

रेस्पिरेटरी सिंसिटियल वायरस (RSV) से फेफड़ों और सांस नली में इंफेक्शन होता है। ये इतना आम है कि 2 साल तक की उम्र के ज्यादातर बच्चे इस वायरस से प्रभावित हो जाते हैं।

कोरोना यानी कोविड-19 महामारी के लिए SARS-CoV-2 वायरस जिम्मेदार था, जो कोरोनाविरिडे वायरस फैमिली से जुड़ा है।

HMPV और कोरोना अलग-अलग वायरल फैमिली से आते हैं, लेकिन COVID-19 और HMPV के लक्षण भी लगभग समान हैं।

HMPV से जुड़े आम लक्षणों में खांसी, बुखार, नाक बंद होना और सांस लेने में तकलीफ शामिल हैं जो COVID-19 में भी हो रहे थे।

अमेरिकी CDC के मुताबिक, कोविड-19 पर टेंप्रेचर का इफेक्ट होने की वजह से सीजनल था, लेकिन एमपीवी पर टेंप्रेचर का ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, जिसके चलते अलग-अलग मौसम में फैल रहा है। अमेरिका में सर्दी से लेकर बसंत के मौसम में इसके केस पीक पर पर होते हैं।

HMPV वायरस का ट्रांसमिशन रेट यानी फैलने की दर कोरोना वायरस की तुलना में कम है। लेकिन इसके फैलने का तरीका लगभग एक जैसा है...

ड्रॉपलेट्स: जब कोई संक्रमित व्यक्ति खांसता, छींकता या बात करता है, तो हवा में कुछ बूंदें फैलती हैं।

डायरेक्ट कॉन्टैक्ट: संक्रमित व्यक्ति के साथ डायरेक्ट कॉन्टैक्ट यानी सीधे या शारीरिक संपर्क से फैल सकता है। खासकर अगर कोई उनके चेहरे, आंख या मुंह को छूता है।

चीजों की सतह: ये वायरस चीजों की सतहों पर बना रह सकता है। दरवाजे के हैंडल या मोबाइल जैसी दूषित चीजों को छूने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

हवा में मौजूदगी: वायरस के छोटे-छोटे पार्टिकल्स हवा में रह सकते हैं, खासकर भीड़भाड़ वाले या खराब हवा वाली जगहों में।

इसका सबसे ज्यादा असर 5 साल से कम उम्र के बच्चों और 65 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों को होगा, खासकर समय से पहले जन्मे बच्चे यानी प्री-मैच्योर चाइल्ड में। साथ ही जिन लोगों की इम्युनिटी कमजोर है या जिन्हें अस्थमा जैसी सांस से जुड़ी बीमारी है।

लक्षण दिखने पर HMPV वायरस की जांच कराई जा सकती है। इसी जांच भी कोरोना वायरस जैसी ही सरकारी अस्पतालों या प्राइवेट लैब में कराई जा सकती है।

सैंपल प्रोसेस

नासॉफैरिंजियल स्वैब : नाक में कॉटन बड्स डालकर सैंपल लेना।

थ्रोट स्वैब : गले में कॉटन बड्स डालना।

ब्लड सैंपल: कुछ मामलों में ब्लड टेस्ट भी किया जा सकता है।

बलगम: यदि मरीज को बलगम हो रहा हो, तो उसे भी जांच के लिए भेजा जा सकता है।

टेस्ट के तरीके

RT-PCR: रिवर्स ट्रांसक्रिप्शन पॉलीमरेज चेन रिएक्शन HMPV का पता लगाने का सबसे सटीक तरीका है।

कल्चर टेस्ट: वायरस को सेल कल्चर में विकसित कर पहचानते हैं। इसमें तीन या ज्यादा दिन भी लग सकते हैं।

एंटीबॉडी टेस्ट: खून में एंटीबॉडी की मौजूगी से वायरस का पता लगाया जाता है। यह तरीका कम भरोसेमंद है।

HMPV के भारत में अब तक 8 केस सामने आ चुके हैं। अहमदाबाद में सोमवार को 2 महीने के बच्चे में ह्मन मेटान्यूमोवायरस (HMPV) का संक्रमण मिला। यह बच्चा राजस्थान का है और इलाज के लिए अहमदाबाद पहुंचा है।

इससे पहले, 6 जनवरी की सुबह कर्नाटक में 3 महीने की बच्ची और 8 महीने के बच्चे में यह वायरस मिला था। दोनों बच्चों की जांच बेंगलुरु के एक अस्पताल में की गई थी। पश्चिम बंगाल में भी पांच महीने के बच्चे में इस बीमारी के लक्षण मिले हैं। इसका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उधर, तमिलनाडु के चेन्नई में भी दो बच्चे संक्रमित मिले हैं। अभी इनके बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।

वहीं 7 जनवरी को महाराष्ट्र के नागपुर में 2 केस सामने आए हैं। इनमें एक 13 साल की लड़की और एक 7 साल का लड़का संक्रमित मिला।

पहल
डॉ. मोनिका शर्मा



## सोशल मीडिया के उपयोग पर अभिभावकों की सहमति जरूरी

मौजूदा दौर में बच्चों के मन-जीवन से जुड़े हर मोर्चे पर तकनीकी घेराबंदी चिंता का विषय बन गई है। विशेषकर सोशल मीडिया की चकाचौंध तो मासूमियत ही लील रही है। यही कारण है कि बच्चों के स्वास्थ्य, समझ और सुरक्षा की फिक्र के चलते सख्त नियम-कायदे बनाने की राह चुनी जा रही है। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट में यह प्रावधान भी शामिल है कि 18 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया पर अकाउंट बनाने से पहले अभिभावकों से सहमति लेनी होगी। ज्ञात हो कि नाबालिगों के लिए सोशल मीडिया खाता बनाने में जुड़े कठोर नियम दूसरे कई देशों में भी लागू किए गए हैं। बीते दिनों ऑस्ट्रेलिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन वाला बिल संसद में पारित हुआ है। बचपन सहेजने की साझी चिंता से जुड़े इस मसौदे को वहां पक्ष और विपक्ष दोनों का समर्थन मिला था। ऑस्ट्रेलिया ऐसा बिल पारित करने वाला दुनिया का पहला देश है। अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य में भी 14 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया चलाने पर प्रतिबंध लगाया है।साथ ही 14-15 साल के बच्चे भी अभिभावकों की सहमति के बिना सोशल मीडिया का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। इतना ही नहीं, ब्रिटेन में भी 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रही है। चिंतनीय है कि सोशल मीडिया मंचों पर बच्चे न केवल समय और ऊर्जा गंवा रहे हैं बल्कि अपराधियों के चंगुल में भी फंस रहे हैं। वर्चुअल दुनिया की चकाचौंध में बच्चे शारीरिक-मनोवैज्ञानिक समस्याओं के घेरे में आ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक वैश्विक स्तर पर 10 प्रतिशत से अधिक किशोर सोशल मीडिया के उपयोग से नकारात्मक रूप से प्रभावित होते हैं। यूनेस्को की ' टेक्नॉलॉजी इन एजुकेशन' रिपोर्ट कहती है कि तकनीक से हद से ज्यादा जुड़ाव से न केवल विद्यार्थियों का ध्यान भटकता है बल्कि उनकी सीखने की क्षमता पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। हमारे परिवेश में स्पष्ट देखा जा सकता है कि खेलने-कूदने की उम्र में ही बहुत से बच्चे आभासी मंचों से जुड़कर ऑनलाइन दुनिया तक सिमट जाते हैं। स्क्रीन के संसार की इस अर्थहीन व्यस्तता के चलते सुस्त जीवनशैली अपना लेते हैं। जबकि बाल स्थूलता बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी अहम समस्या बन हुई है। चिंतनीय है कि बचपन में ज्यादा वजन की समस्या से जूझने वाले लोगों में 50 से 80 प्रतिशत बड़े होने पर भी मोटापे की जद में रहते हैं। इसी के साथ नजर कमजोर होने, अनिद्रा और शारीरिक पोस्चर बिगड़ने जैसी परेशानियां भी देखने में आ रही हैं। सोशल मीडिया में परोसी जा रही फिल्टर्ड तस्वीरों का ही असर है कि हमारे यहां 45 प्रतिशत बच्चे अपनी शारीरिक संरचना से खुश नहीं हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीइआरटी) के एक सर्वेक्षण में यह सामने आया है। वहीं स्क्रीन स्क्रॉलिंग में व्यस्त बच्चों को डांटने-डपटने पर घर छोड़ देने के मामले भी हो चुके हैं। बीते दिनों आगरा की एक किशोरी इंस्टाग्राम मित्र से मिलने के लिए घर छोड़कर गोवा चली गई। 14 वर्षीय बेटी ने इंस्टाग्राम पर अति सक्रिय रहने पर पिता की डांट के चलते यह कदम उठाया है। अपनी मर्जी से आभासी मित्र से मिलने के लिए घर से जाने की चिट्ठी छोड़ गई बच्ची की 20 दिन बाद भी बरामदगी नहीं हो सकी है। आए दिन हो रहे ऐसे वाकये बताते हैं कि सोशल मीडिया में बीत रहा समय बालपन में जड़ें जमाने वाली कितनी ही स्वास्थ्य समस्याओं और मानसिक दिशाहीनता का कारण बन रहा है। चिंतनीय है कि बहुत से अभिभावकों को जानकारी ही नहीं होती कि उनके बच्चे ने किस और कितने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अपना अकाउंट बनाया हुआ है। जबकि साइबर बुलिंग, ब्लैकमेलिंग, डीपफेक, डिजिटल अरेस्ट और ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार बच्चे भी बन रहे हैं। नाबालिगों ने वर्चुअल धमकियों और नकारात्मक टिप्पणियों से आहत होकर आत्महत्या जैसा कदम भी उठाया है। निजी सूचनाएं जुटाकर बच्चों को ब्लैकमेल और तस्वीरों को एडिट कर वायरल करने की धमकी देकर ठगा गया है। ऐसे अपराधों के पीछे वर्चुअल दुनिया में बच्चों से जुड़कर दिशाहीन करने वाले लोग भी होते हैं। ऐसे में वर्चुअल दुनिया के अनगिनत जोखिमों के दौर में अभिभावकों की अनुमति से जुड़ा यह नियम आवश्यक है।



(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## भक्ति करने से चुनौतियों से लड़ने की मिलती है शक्ति



संकलित
दर्शन

इस विशाल ब्रह्मांड में, एक कालनिरपेक्ष और असीमित ऊर्जा सृष्टि के प्रत्येक पक्ष में प्रकट होती है। ये समय, स्थान, आरंभ-अंत से परे है। अक्सर हम उन लोगों पर दया भाव रखते हैं, जो हमसे अधिक युवा हैं या हम उन्हें कम ज्ञान वाला समझते हैं। इसी प्रकार हम बुजुर्गों द्वारा दिए गए ज्ञान को पुराना और अज्ञान से भरा हुआ मान लेते हैं। लेकिन, हमें ये बात समझने की आवश्यकता है कि दिव्यता बुद्धिमत्ता, आयु या स्वभाव पर ध्यान दिए बिना, सबके हृदय में वास करती है। प्रत्येक व्यक्ति में शिव तत्व का संज्ञान लेने से हमारे भीतर एक समरसता उत्पन्न हो जाती है, जो हमें शिव से एकाकार करती है। पुराने समय के ऋषियों और ज्ञानियों ने हर एक चीज को शिव का ही अंश माना। शिव सर्वव्याप्त हैं। यही वेदों का सार है। वेदांत दूसरी ओर भूला देने और ज्ञान की सीमाओं के परे जाने को भी दर्शाते हैं। वह उसके बारे में भी बताते हैं, जो द्वैत से परे है, अच्छे और बुरे से परे है। वेदांत अद्वैत की वास्तविकता का भी उद्घाटन करते हैं, जो अस्तित्व के मूल में छिपा हुआ है। ईश्वर के सर्वव्याप्त होने की धारणा पर बहुत पुराने समय से प्रश्न उठते आए हैं। यदि ईश्वर सचमुच में सर्वव्याप्त हैं, तो शैतान कहां रहता है। शताब्दियों से धर्मशास्त्रियों ने इस असमंजस पर गुत्थम-गुत्था की है। यदि ईश्वर सर्वव्याप्त हैं, तो कोई शक्ति उन्हें चुनौती कैसे दे सकती है? उत्तर इस समझ में है कि हर एक चीज में ईश्वर है, शैतान में भी। वेदांत दर्शन ने द्वैत की सीमाओं को पार किया और अद्वैत के सत्य को बताया, जो अच्छे और बुरे से परे है।

## जगत में सबसे सुंदर कौन



संकलित
प्रेरणा

एक कौआ सोचने लगा कि पंछियों में मैं सबसे ज्यादा कुरूप हूं। न तो मेरी आवाज ही अच्छी है, न ही मेरे पंख सुंदर हैं। मैं काला-कलूटा हूं। ऐसा सोचने से उसके अंदर हीन भावना भरने लगी और वह दुःखी रहने लगा। एक दिन एक बगुले ने उसे उदास देखा तो उसकी उदासी का कारण पूछा। कौवे ने कहाः तुम कितने सुंदर हो, गोरे-चिट्टे हो, मैं तो बिल्कुल स्याह वर्ण का हूं। मेरा तो जीना ही बेकार है। बगुला बोलाः दोस्त मैं कहां सुंदर हूँ। मैं जब तोते को देखता हूं, तो यही सोचता हूं कि मेरे पास हरे पंख और लाल चोंच क्यों नहीं है। अब कौए में सुन्दरता को जानने की उत्सुकता बढ़ी। वह तोते के पास गया। बोलाः तुम इतने सुन्दर हो, तुम तो बहुत खुश होते होगे? तोता बोलाः खुश तो था लेकिन जब मैंने मोर को देखा, तब से बहुत दुःखी हूं, क्योंकि वह बहुत सुन्दर होता है। कौआ मोर को ढूंढने लगा, लेकिन जंगल में कहीं मोर नहीं मिला। जंगल के पक्षियों ने बताया कि सारे मोर चिड़ियाघर वाले पकड़ कर ले गये हैं। कौआ चिड़ियाघर गया, वहां एक पिंजरे में बंद मोर से जब उसकी सुंदरता की बात की, तो मोर रोने लगा। मोर बोलाः शुक्र मनाओ कि तुम सुंदर नहीं हो, तभी आजादी से घूम रहे हो वरना मेरी तरह किसी पिंजरे में बंद होते। दूसरों से तुलना करके दुःखी होना बुद्धिमानी नहीं, असली सुन्दरता हमारे अच्छे कार्यों से आती है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**शादियों में दिखावा गरीबों के लिए मुसीबत**

हमारे देश में लोगों में दिखावे की भावना बहुत बढ़ गई है। लगभग हर त्योहार, सामाजिक और धार्मिक समारोहों में भी दिखावा किया जा रहा है। यह दिखावा हमारा आर्थिक नुकसान ही नहीं करवाता है, बल्कि हमारी मानसिक शांति भी भंग करता है, खास तौर पर उनके लिए यह दिखावा मुसीबत बनता है जो अपनी हैसियत से ज्यादा खर्चा करते हैं। त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। इसके कारण अनेक समस्याएं, गरीबों के सामने पैदा होती हैं। दिखावे की बढ़ती परंपरा पर रोक लगनी चाहिए।

*- पंकज तिवारी, महासमुंद*

### करंट अफेयर

## ब्रिटेन में ज्यामिति गणित सीखने में पिछड़ रहे बच्चे



ज्यामिति गणित की एक महत्वपूर्ण शाखा है, जिसका उपयोग हम 2डी (टू डाइमेंशनल) और 3डी (थ्री डाइमेंशनल) स्थानों के गुणों जैसे दूरी, आकार, आकृति और स्थिति को समझने के लिए करते हैं। हम प्रतिदिन ज्यामिति का प्रयोग करते हैं : उपहार लपेटने के लिए कागज काटना, फर्श पर टाइल लगाने के लिए कमरे का क्षेत्रफल निकालना, तथा कार्यस्थल पर 'पाई चार्ट' और 'बार ग्राफ' की व्याख्या करना। यहां तक कि दीवार पर लगी तस्वीर के टेढ़े-मेढ़े होने पर भी ध्यान देना हमारी ज्यामितीय समझ पर निर्भर करता है। यद्यपि इंग्लैंड के बच्चे कई देशों की तुलना में गणित में बेहतर प्रदर्शन करते हैं, फिर भी ज्यामिति में उनके अंक उनके गणित के समग्र अंकों से काफी कम हैं। यह पैटर्न (स्वरूप) 2015 से पांचवीं कक्षा (आयु नौ और दस) और नौवीं कक्षा (आयु 13-14) के बच्चों के लिए लगातार बना हुआ है। इसका समाधान बच्चों के स्थानिक कौशल में सुधार करने में निहित हो सकता है : ऐसा कुछ जो सरल और मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से किया जा सकता है, जैसे कि जिगसॉ पजल, खिलौना कार या कंस्ट्रक्शन सेट के साथ खेलना। स्थानिक कौशल और समझ वस्तुओं के स्थानिक गुणों, जैसे कि उनके आकार और स्थान को समझने तथा वस्तुओं और समस्याओं की कल्पना करने की क्षमता है।

### ऑफ बीट

## आपके कुत्ते को प्रभावित करता है आपका तनाव



कुछ वर्ष पहले, फ्रांस में शोधकर्ताओं ने बताया कि किसी पशु चिकित्सक के सामने कुत्ते के मालिक के व्यवहार से कुत्ते के तनाव के स्तर पर क्या प्रभाव पड़ता है। अध्ययन से पता चला कि मालिक के नकारात्मक व्यवहार जैसे डांट-फटकार से पशु चिकित्सा जांच के दौरान कुत्ते का तनाव बढ़ जाता है। क्वीन्स यूनिवर्सिटी बेलफास्ट में हमारे हालिया अध्ययन से पहले किसी ने मालिकों के तनाव से उनके कुत्तों पर पड़ने वाले प्रभाव पर गौर नहीं किया था। हमारा अध्ययन क्वींस यूनिवर्सिटी के शोध से भिन्न है, क्योंकि इसमें विशेष रूप से मालिक के तनाव के प्रभाव के बारे में बताया गया है। हमारे शोध में 28 मालिक और उनके कुत्ते शामिल हुए। शोध के दौरान मालिकों और कुत्तों दोनों ने हृदय गति मॉनीटर पहन रखे थे ताकि हम तनाव के स्तर को मापने के लिए उनकी हृदय गति परिवर्तनशीलता की निगरानी कर सकें और उसे रिकॉर्ड कर सकें। इसके बाद हमने मालिकों से तनावपूर्ण व तनाव मुक्ति वाले काम कराए और उन पर तथा उनके कुत्तों पर पड़ने वाले इसके प्रभाव पर नजर रखी। तनावपूर्ण कार्यों में एक डिजिटल तनाव परीक्षण शामिल था, जिसमें मालिकों को एक मानसिक अंकगणितीय कार्य के साथ-साथ एक मौखिक प्रस्तुति कार्य भी करना था।

### ट्रेंड

**फर्जी वोटों पर नजर रखें**



गाली गलौज पार्टी ने अपने सातों सांसदों को अगले कुछ दिनों में नई दिल्ली विधान सभा में फर्जी वोट बनवाने के लिए टारगेट दिए हैं। देखते हैं अगले कुछ दिनों में कितने नए वोट बनाने के आवेदन आते हैं। सब लोग इस पर नजर रखें।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

**नदी के बहाव से छेड़छाड़**



नदियों के बहाव से छेड़छाड़ पर्यावरणीय अपराध है। प्रयागराज महाकुंभ में गंगा जी में ड्रेजर मशीन लगाने का मकसद केवल अपने लोगों को ठेका देना और उनके जरिए भ्रष्टाचार से पैसा कमाना है। ऐसा करने से गंगा के प्राकृतिक पारिस्थितिक संतुलन पर बुरा असर होगा।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

**ग्राहकों की सेवा**



किसी कंपनी की अपने ग्राहकों की सेवा करने की क्षमता से बड़ी व्यावसायिक सफलता की कोई अभिव्यक्ति नहीं है। यह मार्गदर्शक सिद्धांत है जिसके लिए मैं अदाणी एयरपोर्ट्स के सभी सदस्यों से अपना समय समर्पित करने का आग्रह करता हूं।

-गौतम अदाणी, उद्योगपति

**वे स्वयं जानते हैं**



यह कठिन है जब आप यह नहीं समझ पाते कि जब लोग कुछ कह रहे होते हैं तो उनका वास्तव में क्या मतलब होता है, ठीक है? ऐसा शायद इसलिए है क्योंकि वे स्वयं जानते हैं.. क्या आप जानते हैं।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

रॉयल पत्रिका

## न्यूज गैलरी

### महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर को दी जन्मदिन की बधाई



जयपुर ग्रेटर की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर के जन्मादन क अवसर पर वाड न. 72 के पार्षद व फायर समिति के चेयरमैन पारस जैन ने महापौर को जन्मदिन पर बधाई दी। इस अवसर पर प्रवीण यादव चेयरमैन, रामवतार गुप्ता पार्षद, विपिन सिंघल वार्ड अध्यक्ष, प्रदीप शेखावत, सुरेश मीणा महामंत्री, गगनदीप, अनिल सिंघल समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे। महापौर के जन्मदिन पर गौशाला में गायों को चारा भी खिलाया।

### जनहित के मुद्दों पर सरकार को घेरेंगे : टीकाराम जूली



विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा है कि कांग्रेस आगामी विधानसभा सत्र में जनहित के मुद्दों पर सरकार को सदन में घेरेगी। इसमें जिलों को समाप्त करने, अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की समीक्षा, पूर्ववर्ती सरकार के फैसलों और योजनाओं को समाप्त करने के मुद्दों को लेकर कांग्रेस हमलावर रहेगी। जूली विधानसभा सत्र की तैयारी में जुट गए है। बुधवार को उन्होंने कांग्रेस विधायकों से चर्चा की। जूली ने 31 जनवरी से शुरू हो रहे सत्र को लेकर विधायकों से मुद्दों के बारे में जानकारी ली।

### खुले स्थान पर चुग्गा-दाना डालने के खिलाफ जन जागृति अभियान शुरू



नीड़ संस्था की ओर से मानसरोवर के विभिन्न तिराहों और चौराहों तथा विभिन्न मंदिरों के प्रांगण में खुले स्थान पर कबूतरों को चुग्गा-दाना डालने के खिलाफ जन जागृति अभियान प्रारंभ किया गया है। नीड़ के संयोजक अजीत तिवारी ने बताया कि एक पखवाड़े तक चलने वाले इस अभियान के तहत आज तिब्बती मार्केट, शिप्रा पथ तिराहे पर तिकोनी बगीचे के फुटपाथ व सड़क पर बैठकर चुग्गा दाना बेचने वालों व कबूतरों को चुग्गा डालने वालों को समझाया गया कि इससे रात व दिन में पैदल व वाहन लेकर चलने वालों के नीचे आता है और सुगम यातायात में व्यवधान होता है। इन लोगों से कहा गया कि वे बगीचे की चार दिवारी के पास करीब 4 फीट की पट्टी पर अथवा वहां रखे गए दाना पात्र में ही दाना चुग्गा डालें ताकि कबूतरों को भी व्यवधान न हो। इस कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग के पूर्व अतिरिक्त निदेशक राम अवतार बुनकर व अरुण जोशी, स्थानीय पार्षद हरि ओम स्वर्णकार, सचिवालय कर्मचारी सेवा के पूर्व अध्यक्ष मुकुट शर्मा, समाजसेवी जगदीश कुल्हरी, रमेश चंद्र बैरवा, वैध भगवान सहाय, छुट्टन लाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के बाद सेक्टर 73 में मंदिर समिति के अध्यक्ष वाई डी शर्मा, सेक्टर 75 स्थित मंदिर समिति के सक्रिय सदस्य योगेश शर्मा, रोज गार्डन स्थित मंदिर तथा वीटी रोड स्थित तेजाजी के मंदिर के पुजारी को श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दाना पात्र प्रदान किए गए। नीड़ संस्था की ओर से मंदिर समितियां से कहा गया है कि दाना पात्र में इन की आवश्यकता से अधिक चुग्गा दाना एकत्रित होने पर सूचित करें ताकि अतिरिक्त एकत्रित दाने का उपयोग अन्य पक्षियों के लिए किया जा सके।

### कांग्रेस का नूतन वर्ष अभिनंदन व पौष बड़ा प्रसादी कार्यक्रम शनिवार को

जयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष आरआर तिवाडी के सानिध्य मे शनिवार को सायं 4 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय रामचंद्र जी का मंदिर हवा महल के सामने नूतन वर्ष अभिनंदन एवं पौष बड़ा पंगत प्रसादी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बगरु ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामअवतार मोगरा ने बताया कि कार्यक्रम में जयपुर शहर की आठों विधानसभा के विधायक, विधायक प्रत्याशी, सदस्य प्रदेश कांग्रेस, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य प्रधान उप प्रधान पंचायत समिति सदस्य सरपंच पूर्व सरपंच इकाई मण्डल अध्यक्ष, ईकाई अध्यक्ष वार्ड अध्यक्ष, पार्षद, पार्षद प्रत्याशी एवं अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी सहित सभी प्रमुख कांग्रेसजन शामिल होंगे।

## 35वां राष्ट्रीय युवा संगीत समारोह सुर संगम : प्रतिभाओं ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

# संगीत सीखने वाला हर तनाव से मुक्त : मेघवाल



**जयपुर.** सुर संगम संस्थान का 35वां तीन दिवसीय राष्ट्रीय युवा संगीत समारोह बुधवार को जवाहर कला केन्द्र के रंगायन सभागार में शुरू हुआ। पहले दिन जयपुर, कोटा, वारणसी, रीवा, इंदौर और भरूच आदि शहरों से आई 30 प्रतिभाओं ने शास्त्रीय, उप शास्त्रीय, लोक और सुगम गायन में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

केन्द्रीय संस्कृति एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने समारोह का उद्घाटन किया। इस मौके पर अर्जुन राम ने वहां मौजूद जगजीत सिंह के भाई जसवंत सिंह को संबोधित करते हुए जगजीत सिंह के बीकानेर के साथ रहे संबंधों का भी जिक्र किया और वहां जगजीत सिंह की याद को स्थाई करने की दिशा में कार्य करने की इच्छा भी जाहिर की। उन्होंने इस कार्य के लिए जसवंत सिंह को अलग से मिलने का भी आह्वान किया। उन्होंने इस अवसर पर जगजीत सिंह की चर्चित गजल 'होठों से छू लो तुम' को तरन्नुम और भावों में डूबकर सुनाया तो संपूर्ण सभागार तालियों से गूंज गया। इससे पूर्व उन्होंने कबीर की भी कई रचनाएं गाकर अपनी सांगीतिक प्रतिभा को दर्शाया।

अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि संगीत में व्यक्ति को हर तनाव से मुक्त रखने की शक्ति है, जो व्यक्ति संगीत सीख लेता है वो हर तनाव से मुक्त रहता है। उन्होंने कहा कि संगीत एक मात्र ऐसी विधा है जिसमें सामाजिक समरसता मिलती है। मेघवाल ने कहा कि देश के युवाओं के भीतर अगर संगीत के भाव विकसित हो जाएं तो भारत को विकसित होने से कोई नहीं रोक सकता है।

इसके बाद समारोह की शुरूआत शास्त्रीय संगीत से हुई जिसमें प्रतिभागियों ने राग नट भैरव, मधुवंती, जयजयवंती और जोग सहित अनेक राग रागनियों के जरिए अपने सांगीतिक हुनर का प्रदर्शन किया। इसके बाद सभागार में उप शास्त्रीय गायन, लोक गीत और सुगम गायन की प्रतियोगिताएं हुईं। उप शास्त्रीय गायन में कलाकारों ने विभिन्न राग-रागनियों पर आधारित ठुमरी, कजरी और चैती जैसी मन भावन लोक उप शास्त्रीय विधाओं का प्रदर्शन किया। जवाहर कला केन्द्र की सहभागिता में कला एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित की जा रही इस अखिल भारतीय प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के हुनर को मुंबई की प्रख्यात गायक पद्मश्री पिनाज़ मसानी, ध्रुवपद गायक दिल्ली के पद्मश्री उस्ताद वासीफुद्दीन डागर और उदयपुर के ग़ज़ल गायक डॉ. प्रेम भंडारी ने विभिन्न मानकों की कसौटी पर परखा और कई प्रतिभागियों से सवालात भी किए तथा कई दूसरी और रचनाएं प्रस्तुत करवाईं। सुर संगम संस्थान के अध्यक्ष के.सी मालू, सचिव मुकेश अग्रवाल ने निर्णायकों का बुके भेंट कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद् आर.डी. अग्रवाल ने किया। समारोह के तहत गुरूवार 9 जनवरी को जवाहर कला केन्द्र में सुबह 10.30 बजे से शाम 6.00 बजे तक प्रतियोगिताओं के आयोजन के बाद सुगम और लोक संगीत समारोह आयोजित किया जाएगा। इन दोनों कार्यक्रमों में संगीत प्रेमियों का प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा।

# राजस्थान के 6 जिलों में बारिश-ओले का ऑरेंज अलर्ट

राजस्थान में कल (शुक्रवार) से बारिश का दौर शुरू होगा। 10 और 11 जनवरी को बीकानेर, जयपुर, भरतपुर संभाग के साथ अजमेर संभाग के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होगी।

इसके अलावा सीकर, चूरू, झुंझुनूं, अलवर के एरिया में 11 जनवरी को कहीं-कहीं तेज बारिश के साथ ओले भी गिरने की आशंका है। 11 जनवरी को 6 जिलों में बारिश-ओले गिरने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 12 जनवरी से घना कोहरा छाएगा।

**24 घंटे में 2 से 4 डिग्री बढ़ा तापमान**

पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो जैसलमेर, बाड़मेर, जयपुर, अजमेर समेत कई शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया।



बुधवार को सबसे अधिक तापमान दिन में बाड़मेर में 27.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जैसलमेर में अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस, बीकानेर में 25.6, चित्तौड़गढ़ में 25.2, जालोर में 25.7, अजमेर में 23.4, पिलानी में 23.9, उदयपुर में 23.4, जोधपुर में 24.5, गंगानगर में 23.9 और चूरू में 23.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

जयपुर, अजमेर, बीकानेर समेत कई शहरों में कल दिन में आसमान साफ रहा और तेज धूप निकली, जिससे लोगों को सर्दी से राहत मिली।

**न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज**

बुधवार को जयपुर, धौलपुर, बाड़मेर, जैसलमेर समेत तमाम शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुए। न्यूनतम तापमान में गिरावट होने से कल प्रदेश के अधिकांश शहरों में सुबह-शाम सर्दी तेज रही। सबसे कम तापमान फतेहपुर (सीकर) में 1.1 और माउंट आबू (सिरोही) में 1.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## अवैध रीफिलिंग का किया पर्दाफाश

### 22 घरेलू गैस सिलेंडर और 2 इलेक्ट्रॉनिक कांटे किए जब्त



जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर बुधवार को रसद विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए अवैध रिफीलिंग का पर्दाफाश किया है। जिला रसद अधिकारी त्रिलोकचंद मीणा ने बताया कि प्रवर्तन अधिकारी अरविंद सिंह शेखावत के नेतृत्व में प्रवर्तन दस्ते ने बजाज नगर स्थित एक दुकान में छापा मारा। टीम ने मौके से 5 किलो की क्षमता के 13 छोटे गैस सिलेंडर सहित कुल 22 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए। उन्होंने बताया कि प्रवर्तन दल ने मौके से 2 इलेक्ट्रॉनिक कांटे भी जब्त किए हैं। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन अधिकारी गौरा मीणा व प्रवर्तन निरीक्षक सुनीता चौधरी भी प्रवर्तन दल में शामिल रहीं।

## कैंपस ड्राइव में 13 छात्राओं का चयन



कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के सेंटर फॉर करियर गाइडेंस, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट की ओर से एक कैंपस रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया। एक कंपनी ने बिजनेस डवलपमेंट एक्जीक्यूटिव की नियुक्ति के लिए बुधवार को महाविद्यालय परिसर में विजिट किया। साक्षात्कार के लिए कुल 21 उम्मीदवार उपस्थित हुए, जिसमें 13 छात्राओं का पद के लिए चयन किया गया। पूर्णकालिक कर्मचारियों की भर्ती के लिए 3 लाख का पैकेज ऑफर किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल और केंद्र की संयोजिका डॉ. आकांक्षा गंडा ने उम्मीदवारों को बधाई दी और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी इसके साथ ही आइडिएशन समूह की ओर से संगथ एनजीओ के प्रोजेक्ट-प्रेसेन्स के तत्वावधान में बुधवार को 'आत्महत्या संवेदनशीलता और रोकथाम' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. मोहिता चतुर्वेदी शर्मा ने एनजीओ के प्रशिक्षक अंकित शर्मा एवं मोहम्मद जुनैद अख्तर का स्वागत किया गया। इस कार्यशाला के प्रमुख वक्ता प्रकृति, अनुपमा शुक्ला एवं प्रेरणा जैन रहे। एनजीओर से की ओर से मानसिक स्वास्थ्य पर छात्राओं से वार्ता की गई। साथ ही छात्राओं से इस विषय पर अपने विचार लिखवाए गए। इस कार्यशाला में अनुपमा शुक्ला की ओर से आत्महत्या से जुड़े मिथ एवं वास्तविकता से संबंधित विचारों पर गतिविधि आयोजित की, जिसके तहत छात्राओं ने सक्रिय रूप से अपने विचार व अनुभव भी साझा किए। वक्ताओं ने आत्महत्या के पूर्व व्यक्ति की ओर से दिए जाने वाले संकेत, परिस्थितियां एवं इसके कारणों पर चर्चा की।

## आवासन मंडल, नगर निगम में पौषबड़ों का आयोजन



राजस्थान आवासन मण्डल में बुधवार को मण्डल मुख्यालय जनपथ ज्योतिनगर जयपुर के प्रांगण में स्थित गणेश मंदिर में पौषबड़े प्रसादी एवं छप्पन भोग का आयोजन शाम 5.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक आयोजित किया गया। गणेश मंदिर विकास समिति के रूपेश तिवारी, मोहन सिंह, राकेश डीगवाल, गोविन्द नाटाणी ने बताया कि गणेश जी के विशेष फुलों की श्रृंगार की झांकी सजाई गई एवं महाआरती का आयोजन करने के साथ ही गणेश जी के छप्पन भोग एवं मूंग का हलवा दाल का बड़ा सब्जी पुरी का विशेष भोग लगाया गया। इस अवसर पर मण्डल के आवासन आयुक्त, मुख्य अभियंता, सचिव, वित्तीय सलाहकार निदेशक (विधि) सहित राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के अध्यक्ष दशरथ कुमार महामंत्री प्रदीप शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष भगवती प्रसाद, संयुक्त महासचिव गोविन्द नाटाणी, रमेश चन्द शर्मा सहित कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य सहित मण्डल अधिकारी कर्मचारी पंगत प्रसादी में उपस्थित हुए।

### हेरिटेज निगम में मनाया महोत्सव



नगर निगम हेरिटेज जयपुर की ओर से बुधवार को पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर, निगम आयुक्त, पार्षद और निगमकर्मियों ने पौष बड़ा प्रसादी का आनंद लिया। इस अवसर पर हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव ने कहा कि नए साल पर हेरिटेज निगम मुख्यालय परिसर में पौष बड़ा प्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने दाल बड़ा, गाजर का हलवा, पूरी और सब्जी की प्रसादी ली। इस दौरान मुख्यालय परिसर में ऋणहर्ता श्री गणेश जी भगवान को प्रसादी का भोग लगाया गया। कार्यक्रम में विधायक, विधायक प्रत्याशी, जनप्रतिनिधि, निगम पार्षद, अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## सीएस ने की 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट एमओयू कार्यान्वयन की समीक्षा

# निवेशकों को 31 मार्च तक पहचाने गए भूमि पार्सल होंगे आवंटित

**जयपुर.** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के दौरान हस्ताक्षरित निवेश प्रस्तावों के कार्यान्वयन की प्रगति का मूल्यांकन करने के लिए मंगलवार को समीक्षा बैठक ली। बैठक में 100 करोड़ रुपये से 1000 करोड़ रुपये तक के निवेश एमओयू पर ध्यान केंद्रित किया गया। समीक्षा बैठकें निवेश सम्मेलन के दौरान हस्ताक्षरित प्रस्तावों के सुचारू क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की देखरेख में तैयार की गई 3 स्तरीय निगरानी संरचना का हिस्सा हैं।

पंत ने कहा कि अपने कार्यकाल के पहले ही वर्ष में 35 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड निवेश समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करना राज्य सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सभी विभागों के लिए निकट समन्वय में कार्य करना ए-श्रेणी निवेशकों की पहचान करना और यह सुनिश्चित करना है कि उनके प्रस्तावों को सभी चरणों में कुशलतापूर्वक लागू किया जाए। विभागीय सचिवों से लेकर जिला कलेक्टरों तक सभी अधिकारियों को पारदर्शी, समयबद्ध और त्वरित तरीके से कुशलतापूर्वक कार्य करना चाहिए।

इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा ने कहा कि भूमि से संबंधित सभी मुद्दों का समाधान प्रशासन के सभी स्तरों पर सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। स्पष्ट रूप से उल्लेखित समय सीमा, कानून का पालन करने वाला दृष्टिकोण और सामूहिक निर्णय लेने से निवेश प्रस्तावों को तेज गति से लागू करने में मदद मिलेगी। यदि आवश्यक हो तो नोडल अधिकारियों के लिए कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएंगी ताकि उन्हें एमओयू पर प्रगति को ट्रैक करने वाले पोर्टल से परिचित कराया जा सके। इस अवसर पर आलोक, अतिरिक्त मुख्य सचिव, ऊर्जा, भास्कर ए सावंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव, पीएचईडी, दिनेश कुमार, प्रमुख सचिव, राजस्व, राजेश यादव, प्रमुख सचिव, एलएसजी, गायत्री राठौड़, प्रमुख सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, टी रविकांत, प्रमुख सचिव, खान एवं पेट्रोलियम, कृष्ण कुणाल, सचिव, शिक्षा, रवि जैन, सचिव, पर्यटन, डॉ. समित शर्मा, सचिव, पशुपालन, मत्स्य, गोपालन एवं आरएसएलडीसी, अम्बरीश कुमार, सचिव, चिकित्सा शिक्षा, आरुषि मलिक, सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, डॉ. जोगाराम, सचिव, नागरिक उड्डयन, अर्चना सिंह, सचिव, डीओआईटी, इंद्रजीत सिंह, एमडी, रीको और राजस्थान सरकार के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### निवेश प्रस्तावों के लिए वर्गीकरण प्रणाली

हस्ताक्षरित निवेश प्रस्तावों के लिए वर्गीकरण प्रणाली भी शुरू की गई है जिसमें निवेशकों द्वारा व्यक्त की गई प्रतिबद्धता और रुचि के स्तर के आधार पर एमओयू को ए, बी और सी श्रेणियों में विभाजित किया गया है। जिन निवेशकों ने सबसे अधिक रुचि और प्रतिबद्धता दिखाई है, उन्हें ए श्रेणी में रखा गया है। इसी प्रकार क्रमशः बी और सी श्रेणी बनाई गई है। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को ए श्रेणी के निवेशकों को प्राथमिकता देने और उनकी परियोजना की ग्राउंडिंग और कार्यान्वयन के लिए समर्पित कदम उठाने के निर्देश दिए। बी-स्तर और सी-स्तर के निवेशकों को भी उनके निवेश प्रस्ताव और प्रतिबद्धता के अनुसार उचित ध्यान दिया जाएगा।

### 31 जनवरी तक होगी साइट विजिट

सरकार ने संबंधित अधिकारियों को निवेशकों के साथ संवाद स्थापित करने, साइट विजिट की सुविधा प्रदान करने और चिन्हित भूमि पार्सल के आवंटन के लिए एक स्पष्ट रूपरेखा भी दी है। आगामी 31 जनवरी तक संबंधित विभाग सचिव और जिला कलेक्टर निवेशकों के लिए साइट विजिट की सुविधा प्रदान करेंगे और रीको, नगर निगमों या अन्य सरकारी विभागों के तहत उपयुक्त भूमि पार्सल की पहचान करने में सहायता करेंगे। 31 मार्च तक सभी चिन्हित भूमि निवेशकों को उनके निवेश प्रस्तावों की उचित प्रक्रिया के बाद आवंटित किए जाएंगे। निवेश शिखर सम्मेलन के दौरान समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करने वाले सभी निवेशकों के साथ टेलीफोन पर संचार की एक सीधी लाइन पहले ही स्थापित की जा चुकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 9 दिसंबर को जयपुर में 'राइजिंग राजस्थान' वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन 2024 का उद्घाटन किया था। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में आयोजित 'राइजिंग राजस्थान' वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन-2024 के दौरान 35 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड निवेश प्रस्तावों पर हस्ताक्षर किए गए। शिखर सम्मेलन के दौरान शर्मा ने यह भी घोषणा की थी कि सरकार हस्ताक्षरित प्रस्तावों को चालू परियोजनाओं में बदलने के लिए समर्पित प्रयास करेगी और अगले 12 महीनों में हस्ताक्षरित एमओयू पर हुई प्रगति की सार्वजनिक घोषणा करेगी।

## मनोचिकित्सा केंद्र, जयपुर में पौषबड़ा कार्यक्रम



**जयपुर.** मनोचिकित्सा केंद्र, जयपुर के प्रांगण में पोषबड़ा महोत्सव डॉ. सुरेश गुप्ता की ओर से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मालवीय नगर विधायक तथा पूर्व चिकित्सा मंत्री कालीचरण सर्राफ, विशिष्ट अतिथि पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल तथा वरिष्ठ अतिथि सेवा भारती संस्थान के प्रांतीय संगठन मंत्री द्वारिका प्रसाद, प्रांतीय अध्यक्ष नवल किशोर तथा अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य मूलचंद सोनी ने मंच साझा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोचिकित्सा केंद, जयपुर के अधीक्षक डॉ. ललित बत्रा ने की। कार्यक्रम में पूर्व चिकित्सा मंत्री कालीचरण सर्राफ ने संसथान को ऑटोमैटिक रोटी मेकर उपलब्ध करवाने की घोषणा की। पूर्व महापौरज्योति खंडेलवाल ने मनोचिकित्सा केंद्र परिवार के साथ अपने पंद्रह वर्षों से अधिक समय को याद किया। कार्यक्रम के वरिष्ठ अतिथियों ने इस दौरान मनोचिकित्सा केंद्र, जयपुर के रोगियों के लिए दो व्हील चेयर उपलब्ध करवाई। कार्यक्रम में डॉ. ,आईडी गुप्ता, डॉ. योगेश सतीजा, डॉ. सुनील शर्मा, डॉ. पिंकू सिंहा, लाल सिंह आदि चिकित्सक तथा मनोचिकित्सा केंद्र, जयपुर के सभी सहकर्मी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सीग्राम्स रॉयल स्टैग पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर ने ग्लोबल सेंसेशन नेटफ्लिक्स के स्क्विड गेम सीजन 2 के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीग्राम्स रॉयल स्टैग ने नेटफ्लिक्स पर रिकॉर्ड-तोड़ सफलता हासिल करने वाली सीरीज़ स्क्विड गेम के दूसरे सीज़न के साथ साझेदारी की घोषणा की है। स्क्विड गेम के साथ यह साझेदारी रॉयल स्टैग की लिव इट लार्ज फिलॉसफी के साथ गहराई से जुड़ी हुई है। यह दर्शकों को दुनिया के एक सबसे लोकप्रिय सांस्कृतिक उत्सव का हिस्सा बनने का एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करता है जो अब तक लाखों दिलों को जीत चुका है। आज के युवाओं के बीच के-ड्रामा बहुत ही लोकप्रिय है। ऐसे में यह सहयोग ब्रांड को युवाओं के जुनून का हिस्सा बनने, उनसे जुड़ने और उनकी आकांक्षाओं में शामिल होने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करता है।

इस सहयोग के बारे में बात करते हुए, पेरनोड रिकार्ड इंडिया के मार्केटिंग जनरल मैनेजर जॉयदीप बसुरॉय ने कहा, नेटफ्लिक्स के स्क्विड गेम के साथ रॉयल स्टैग का यह सहयोग ब्रांड को के-कल्चर के प्रति युवाओं की दीवानगी का लाभ उठाने में मदद करेगा। इस साझेदारी के साथ न सिर्फ ब्रांड युवाओं के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ेगा, बल्कि इससे ब्रांड की युवा छवि को भी उभारने में मदद मिलेगी। रॉयल स्टैग ब्रांड हमेशा उन लोगों के साथ खड़ा रहा है जो बड़े सपने देखते हैं और पूरे जुनून और उद्देश्य के साथ अपनी जिंदगी जीते हैं। ठीक वैसे ही जैसे कि इस शो में दिखाया गया है। स्क्विड गेम सीजन 2 के साथ यह साझेदारी हमें अपने दर्शकों और आज की पीढ़ी को एक जीवंत अनुभव और ठोस सामाजिक मूल्य प्रदान करने में मदद करता है।

### न्युवोको विस्टास ने वडराज सीमेंट लिमिटेड का अधिग्रहण पूरा किया

**मुंबई, एजेंसी।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत का पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह और पूर्वी भारत में एक प्रमुख कंपनी, वडराज सीमेंट लिमिटेड (वीसीएल) के अधिग्रहण को पूरा कर लिया है। न्युवोको, वीएसएल के सफल एसआरए के रूप में उभरा है, जो वर्तमान में कॉर्पोरेट इनसॉल्वेंसी समाधान प्रक्रिया से गुजर रहा है। न्युवोको द्वारा प्रस्तुत रेजोल्शून प्लान को कमेटी ऑफ क्रेडिटर्स ('सीओसी') द्वारा मंजूर किया गया है, और एक लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) जारी किया गया है। ट्रांजेक्शन पर पूरी तरह से अमल न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी वान्या कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। न्युवोको अपने कंसोलिडेटेड डेट स्तरों में उल्लेखनीय वृद्धि के बिना लेनदेन को फंडिंग करने का इरादा रखता है। एसेट्स के नवीनीकरण और वीसीएल प्लांट्स के ऑपरेशनल सुधार को बढ़ावा देने के लिए चरणबद्ध निवेश 15 महीनों में किया जाएगा। उत्पादन शुरू करने की अनुमानित लक्ष्य तारीख वित्त वर्ष 27 की तीसरी तिमाही के आसपास है, जो रेजोल्यूशन प्लान के लिए माननीय नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) की मंजूरी के अंतगर्त है।

कंपनी को इस अधिग्रहण से भविष्य में अच्छे खासे लाभ होने की सुनिश्चित उम्मीद है। मौजूदा प्लांट्स में कच्छ, गुजरात में 3.5 एमएमटीपीए (910,000 टीपीडी) क्लिंकर यूनिट और सूरत, गुजरात में 6 एमएमटीपीए ग्राइंडिंग यूनिट शामिल है। इसके अतिरिक्त, वीसीएल के पास हाई क्वालिटी वाले लाइमस्टोन यानि चूना पत्थर के भंडार हैं, जो भविष्य के उत्पादन के लिए कच्चे माल की निरंतर और सस्टेनेबल आपूर्ति सुनिश्चित करते हैं। कच्छ में कैप्टिव जेटी लॉजिस्टिक कार्यकुशलता को और बढ़ाती है। इस ट्रांजेक्शन के साथ, न्युवोको की कुल सीमेंट उत्पादन क्षमता लगभग 31 एमएमटीपीए तक बढ़ने वाली है, जिसे पूर्व में 19 एमएमटीपीए, उत्तर में 6 एमएमटीपीए और पश्चिम में 6 एमएमटीपीए के रूप में वितरित किया जाएगा। उत्पादन क्षमता बढ़ने से, लंबी अवधि के लिए न्युवोको की भारत में पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह के रूप में इसकी स्थिति मजबूत होगी।

# चांदी के आभूषणों की हॉलमार्किंग अनिवार्य करने पर विचार कर रही सरकार, बीआईएस को मिला यह काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खाद्य व उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोमवार को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) से उपभोक्ताओं की मांग को देखते हुए चांदी और चांदी से बनी कलाकृतियों के लिए अनिवार्य हॉलमार्किंग लागू करने पर विचार करने को कहा। जोशी ने 78वें बीआईएस स्थापना दिवस समारोह में कहा, उपभोक्ताओं की ओर से चांदी की अनिवार्य हॉलमार्किंग की मांग की जा रही है। आप (बीआईएस) इस पर विचार-विमर्श कर निर्णय ले सकते हैं।

मंत्री ने कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं को बताया कि इस दिशा में काम शुरू हो चुका है और सरकार हितधारकों के साथ विचार-विमर्श और बीआईएस की ओर से व्यवहार्यता आकलन पूरा होने के बाद निर्णय लेगी।

उन्होंने कहा, मैंने बीआईएस से व्यवहार्यता पर काम करने और उपभोक्ताओं व आभूषण डीलरों से प्रतिक्रिया लेने को कहा है। हम सभी हितधारकों से परामर्श करेंगे और प्रक्रिया शुरू करेंगे। चांदी की हॉलमार्किंग, जो सफेद धातु की शुद्धता को प्रमाणित करती है, वर्तमान में स्वैच्छिक है।



बीआईएस के महानिदेशक प्रमोद कुमार तिवारी के अनुसार ब्यूरो तीन से छह महीने के भीतर अनिवार्य चांदी हॉलमार्किंग लागू करने के लिए तैयार हो सकता है। उन्होंने कहा कि हितधारकों के साथ विचार-विमर्श चल रहा है।

तिवारी ने कहा, हितधारकों के साथ कई दौर की चर्चा हुई और वे इसके पक्ष में हैं। एक अद्वितीय छह अंकों वाला अल्फान्यूमेरिक कोड छापने पर चर्चा चल रही है। यह कदम जून 2021 में शुरू की गई सोने की अनिवार्य हॉलमार्किंग के सफल कार्यान्वयन के बाद उठाया गया है, यह अब 361 जिलों में लागू है। मौजूदा प्रणाली में सोने की शुद्धता को प्रमाणित करने के लिए एक अद्वितीय छह-अंकीय अल्फान्यूमेरिक कोड का इस्तेमाल किया जाता है।

मंत्री के अनुसार, अब खरीदे जा रहे आभूषणों में से लगभग 90 प्रतिशत हॉलमार्क वाले हैं। लॉन्च के बाद से अब तक 44.28 करोड़ से अधिक स्वर्ण आभूषणों को विशिष्ट पहचान के साथ हॉलमार्क किया जा चुका है। मंत्री ने कहा कि गुजरात, कर्नाटक और अन्य राज्यों के हितधारकों ने चांदी पर भी हॉलमार्किंग अनिवार्य करने का अनुरोध किया है।

1986 में बीआईएस अधिनियम के तहत स्थापित बीआईएस एक स्वायत्त राष्ट्रीय निकाय है जो उत्पादों और सेवाओं के लिए गुणवत्ता मानक निर्धारित करने के लिए जिम्मेदार है। आगामी फोकस क्षेत्रों को सूचीबद्ध करते हुए, मंत्री ने कहा कि बीआईएस कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के लिए भी मानक विकसित कर रहा है और नवाचार व प्रौद्योगिकी के भविष्य को आकार देने में सबसे आगे है।

उन्होंने कहा, जब हम भविष्य की ओर देखते हैं, तो हमें याद रखना चाहिए कि हमारी यात्रा केवल अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करने के लिए नहीं है, बल्कि नए मानक स्थापित करने के बारे में भी है। हम वैश्विक बाजार में केवल भागीदार नहीं हैं; हम गुणवत्ता की वैश्विक दुनिया में अग्रणी हैं।

## ओकाया ईवी ने ओपीजी मोबिलिटी के रूप में नया ब्रांड नाम अपनाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी बाजार की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए एक रणनीतिक कदम के रूप में, ओकाया ईवी गर्व से अपनी नई ब्रांड पहचान ओपीजी मोबिलिटी का अनावरण करता है। यह रीब्रांडिंग कंपनी की अत्याधुनिक डिज़ाइन, भविष्य के लिए तैयार प्रौद्योगिकी, और टिकाऊ, सुरक्षित उत्पादों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो भारत के गतिशील उपभोक्ता आधार की बदलती जरूरतों को पूरा करती हैं। बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए, ओपीजी मोबिलिटी देश भर में एक व्यापक डीलर नेटवर्क का लाभ उठाएगी। यह ब्रांड दो उप-ब्रांडों में विभाजित होगा~ फेराटो, जो प्रीमियम इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलों और स्कूटरों को समर्पित है, और ओटोपीजी, जो यात्री और माल ढुलाई जैसे तीन-पहिया वाहनों पर केंद्रित है। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में, ओपीजी मोबिलिटी अपनी नई ब्रांडिंग के तहत अपना पहला उत्पाद लॉन्च करेगा और अपनी पूरी रेंज के उन्नत इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रदर्शित करेगा। इसमें मौजूदा मॉडल्स शामिल हैं जिनकी उत्पाद दक्षता में सुधार किया गया है, और अब इनमें ओपीजी मोबिलिटी का लोगो होगा।

# 20 लाख से ज्यादा फ्रेश शेयर, 20 साल पुरानी कंपनी, अब आईपीओ लाने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीओ यानी इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग मार्केट में एक और कंपनी की एंट्री होने वाली है। इसका नाम- पी एस राज स्टील्स है। हरियाणा की इस कंपनी को फंड जुटाने के लिए एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म इमर्ज से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने कहा कि स्टेनलेस-स्टील पाइप और ट्यूब निर्माता पी एस राज स्टील्स लिमिटेड को 2 जनवरी को एनएसई के लघु और मध्यम उद्यम (एसएमई) प्लेटफॉर्म इमर्ज से मंजूरी मिल गई।





पी एस राज स्टील्स ने सितंबर 2024 में एनएसई इमर्ज के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया था। कंपनी वर्तमान में अपडेटेड जानकारी के साथ अपना रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) दाखिल करने की प्रक्रिया में है और एनएसई इमर्ज पर सूचीबद्ध होने की उम्मीद है।

**20.20 लाख शेयरों का फ्रेश इश्यू-** ड्राफ्ट पेपर के अनुसार आईपीओ पूरी तरह से 10 रुपये के अंकित मूल्य के साथ 20.20 लाख इक्विटी शेयरों का एक फ्रेश इश्यू है। कंपनी का इरादा मार्जिन मनी सहित वर्किंग कैपिटल की जरूरतों के लिए कुल आईपीओ आय के 23.5 करोड़ रुपये का उपयोग करने का है। वहीं, अन्य पूंजी का उपयोग इश्यू से संबंधित खर्चों के लिए किया जाएगा।

**कंपनी की डिटेल-** पीएसएसआर ग्रुप स्टेनलेस स्टील पाइप और ट्यूब उद्योग में भारत के सबसे भरोसेमंद नामों में से एक है। इस समूह की स्थापना वर्ष 1996 में की गई थी। वर्ष 2004 में पी एस राज स्टील्स लिमिटेड को उद्योग में स्टेनलेस स्टील ट्यूबलर सॉल्यूशन प्रोवाइड करने के मकसद से वर्ष 2004 में वजूद में लाया गया था। कंपनी के प्रमोटर- राज कुमार गुप्ता, दीपक कुमार, विशाल गुप्ता व गौरव गुप्ता हैं।

कंपनी अपनी अलग-अलग प्रोडक्ट चेन के लिए जानी जाती है, जिसमें लगभग 250 साइज के स्टेनलेस-स्टील पाइप और ट्यूब शामिल हैं। हरियाणा स्थित कंपनी रेलवे, फर्नीचर और औद्योगिक अनुप्रयोगों सहित कई क्षेत्रों को सेवाएं प्रदान करती है। यह कंपनी अपना कच्चा माल जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) से प्राप्त करती है, जो भारत में स्टेनलेस स्टील के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है। यह 13,460 मीट्रिक टन प्रति वर्ष की स्थापना क्षमता के साथ एक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट संचालित करता है।

**कंपनी के वित्तीय नतीजे-** एफवाय24 में पी एस राज स्टील्स ने 6.36 करोड़ रुपये के कर पश्चात लाभ के साथ परिचालन से 297.74 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया। खंबाटा सिक्योरिटीज लिमिटेड एकमात्र बुक रनिंग लीड मैनेजर है और बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड आईपीओ के लिए रजिस्ट्रार है।

## एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लि. को माइक्रोप्रोसेसर कंट्रोलर के लिए सीसीए की मंजूरी मिली

**मुंबई, एजेंसी।** एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीएसई~ 532850, एनएसई~), एलईडी वीडियो डिस्प्ले के डिजाइन, विकास और विनिर्माण में एक वैश्विक लीडर, ने घोषणा की है कि सक्षम प्राधिकारी ने एलएचबी कोच और डबल डेकर कोच के लिए छत पर लगे एसी पैकेज यूनिट के लिए माइक्रोप्रोसेसर कंट्रोलर के लिए कंपनी की क्षमता सह क्षमता मूल्यांकन (सीसीए) को मंजूरी दे दी है। इससे पहले, एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने दुबई स्थित अपनी सहायक कंपनी एसओए इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेडिंग एलएलसी में ?51 करोड़ के निवेश को पूरा करने की घोषणा की है। यह सहायक कंपनी इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के स्पेयर पार्ट्स ट्रेडिंग में कार्यरत है। हाल ही में कंपनी को जीपीएस आधारित पब्लिक एड्रेस एंड पैसेंजर इंफॉर्मेशन सिस्टम और एसी एवं नॉन-एसी रेलवे कोचों में एलईडी डेस्टिनेशन बोर्ड्स के लिए क्षमता एवं योग्यता मूल्यांकन (कैपेसिटी कम कैपबिलिटी असेसमेंट) की स्वीकृति प्राप्त हुई।

## एस.यू.डी. लाइफ का नया यूनिट लिंक्ड फंड लॉन्च

**रीवा।** स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एस.यू.डी. लाइफ) ने नए साल में एस.यू.डी. लाइफ मिडकैप मोमेंटम इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। यह फंड पॉलिसीधारकों को भारत के तेजी से बढ़ते मिडकैप मार्केट में निवेश करने का शानदार मौका दे रहा है।

मिडकैप कंपनियां वे होती हैं जिनका काफी मजबूत बिज़नेस मॉडल होता है और जो तेजी से बढ़ने के लिए तैयार होती हैं। हालांकि, मिडकैप स्टॉक्स में थोड़ा उतार-चढ़ाव ज्यादा होता है लेकिन लार्ज-कैप सूचकांकों की तुलना में यह लंबे समय में बेहतर रिटर्न दे सकते हैं। मोमेंटम इन्वेस्टिंग यानी उन स्टॉक्स पर फोकस करना जो अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और कमजोर स्टॉक्स को समय-समय पर हटा देना। एस.यू.डी. लाइफ मिडकैप मोमेंटम इंडेक्स फंड हर 6 महीने में री-बैलेंस होता है जिससे मजबूत और कम अस्थिरता वाले स्टॉक्स पर फोकस बना रहता है।

यह फंड निफ्टी मिडकैप 150 मोमेंटम 50 इंडेक्स को ट्रैक करता है। यह इंडेक्स मिडकैप स्टॉक्स को उनके प्राइस मोमेंटम के आधार पर चुनता है।

## वक्रांगी लि. ने फ्यूचर जनराली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लि. के साथ साझेदारी की

**मुंबई, एजेंसी।** वक्रांगी लिमिटेड (बीएसई 511431, एनएसई) को फ्यूचर जनराली इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (फ्यूचर जनराली) के साथ एक रणनीतिक कॉर्पोरेट एजेंसी साझेदारी की घोषणा करते हुए गर्व है। इस साझेदारी का उद्देश्य पूरे देश में वक्रांगी केंद्र नेटवर्क के माध्यम से व्यापक सामान्य बीमा उत्पादों की आसान पहुंच प्रदान करना है। यह सहयोग वक्रांगी केंद्रों को, जो कम सेवा प्राप्त और सेवा-वंचित क्षेत्रों में स्थित हैं, स्वास्थ्य, मोटर, यात्रा, घरेलू, और व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा जैसे विभिन्न सामान्य बीमा उत्पादों की पेशकश करने में सक्षम बनाएगा। इस साझेदारी का लाभ उठाकर हम बीमा समाधान की पहुंच और किफायतीता को बढ़ाने का लक्ष्य रखते हैं, जिससे ग्राहकों को वित्तीय सुरक्षा के साथ सशक्त बनाया जा सके।इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए, वक्रांगी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, श्री वेदांत नंदवाना ने कहा, हम फ्यूचर जनराली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ साझेदारी करके खुश हैं, ताकि हमारे आवश्यक सेवाओं के पोर्टफोलियो का विस्तार किया जा सके। यह पहल वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और हर भारतीय को उच्च गुणवत्ता वाले बीमा उत्पादों तक अंतिम-मील की पहुंच प्रदान करने के हमारे दृष्टिकोण के साथ मेल खाती है, चाहे वे कहीं भी स्थित हों। वक्रांगी केंद्र विशेष ब्रांडेड प्रारूप आउटलेट हैं जो बैंकिंग, बीमा, एटीएम, सहायता प्राप्त ई-कॉमर्स, ई-गवर्नेंस और कुल स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में व्यापक उत्पादों और सेवाओं की पेशकश करते हैं। वक्रांगी केंद्रों के 83त्र आउटलेट्स टियर-4 से 6 स्थानों में हैं, यह सहयोग वक्रांगी को अपने ग्राहकों को देश के सबसे दूरस्थ हिस्सों में बीमा सेवाओं की पहुंच प्रदान करने में सक्षम करेगा।

## सिग्निफाई ने भारत में फिलिप्स वीटाअप पेश किया, जो प्रकाश द्वारा सेहत में सुधार लाएगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लाईटिंग की अग्रणी कंपनी, सिग्निफाई ने भारत में फिलिप्स वीटाअप पेश किया है। यह उत्पाद घर के अंदर कम इंटेंसिटी की यूवीबी के साथ सेहत में सुधार लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। फिलिप्स वीटाअप का उद्देश्य हड्डियों और दाँतों को स्वस्थ रखना, प्रतिरक्षा मजबूत बनाना और मूड एवं कॉग्निटिव फंक्शंस में सुधार लाना है। घर के अंदर का वातावरण स्वस्थ रहे, यह आज के समय जरूरी होता जा रहा है क्योंकि लोग अपना ज्यादातर समय घर के अंदर बिताते हैं। फिलिप्स वीटाअप की रोशनी विटामिन डी बनाने में मदद करती है, जिससे सेहत एवं स्वास्थ्य में सुधार होता है।

अध्ययनों में सामने आया है कि दुनिया में लगभग 50 प्रतिशत आबादी विटामिन डी की कमी से पीड़ित है। आधुनिक जीवनशैली में धूप कम मिलने के कारण यह कमी और ज्यादा बढ़ती जा रही है। संडरलैंड में किए गए एक अध्ययन में इसी तरह की एक टेक्नोलॉजी के उपयोग में देखा गया कि कम इंटेंसिटी का यूवीबी एक्सपोज़र विटामिन डी का स्तर बढ़ाता है। आउटडोर एक्सपोज़र के अध्ययनों, इस अध्ययन और वीटाअप के डिमॉन्सट्रेशन रूम्स में किए गए अध्ययन को मिलाकर देखने से स्पष्ट हो गया कि फिलिप्स वीटाअप यूवीबी की सुरक्षित और प्रभावशाली दैनिक खुराक प्रदान कर सकता है, जो सप्ताह में दो से तीन बार धूप में 15 मिनट घूमने के बराबर होती है।

# सोनालीका ने दिसंबर 2024 में अपना अब तक का सर्वाधिक मासिक कुल मार्किट शेयर 18 प्रतिशत दर्ज किया

**ज़बरदस्त 18 प्रतिशत की अपनी सर्वाधिक मासिक कुल मार्किट के साथ कंपनी ने 33 प्रतिशत की शानदार कुल वृद्धि दर्ज की है**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने एक नए ज़बरदस्त प्रदर्शन के साथ अपनी वर्ष 2024 की यात्रा पूरी कर ली है और दिसंबर24 में अपना अब तक का सर्वाधिक 18 प्रतिशत मासिक मार्किट शेयर दर्ज करके एक नया बेंचमार्क स्थापित किया है। दिसंबर24 में यह ख़ास उपलब्धि असाधारण 10,639 कुल ट्रैक्टर बिक्री द्वारा संभव हुई, जो दिसंबर23 में बेचे गए 7,999 कुल ट्रैक्टर बिक्री की तुलना में 33 प्रतिशत ज़्यादा रही और कंपनी ने उद्योग की वृद्धि को अनुमान 2.4ङ्क से पीछे कर दिया है। सोनालीका ने अप्रैल-दिसंबर24 में 1,19,369 कुल ङ्खञ्जष्ठ ट्रैक्टर बिक्री के शानदार प्रदर्शन के साथ वित्त वर्ष25 में अपनी मज़बूत गति जारी रखी है, जो इनोवेशन को बढ़ावा देने और प्रत्येक किसान के लिए अनुकूलित हैवी-ड्यूटी ट्रैक्टर प्रदान करने हेतु सोनालीका की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

150+ देशों में कृषि को आधुनिक और किसानों को सशक्त बनाने पर निरंतर ध्यान देने के साथ, कंपनी ने ट्रैक्टर उद्योग में उत्कृष्टता को फिर से परिभाषित करने के लिए लगातार सीमाओं को आगे बढ़ाया है। किसान की फसल और मिट्टी की जरूरतों के अनुसार अपने हैवी-ड्यूटी ट्रैक्टर पोर्टफोलियो का विस्तार करने से लेकर, अपने सर्विस नेटवर्क को बढ़ाने, ग्राहकों के जितना संभव हो उतना करीब रहने तक, सोनालीका ने लगातार खुद को कृषि समृद्धि की यात्रा में एक विश्वसनीय पार्टनर के रूप में स्थापित किया है।

इस अद्भुत उपलब्धि पर अपने विचार साझा करते हुए, श्री रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, प्रत्येक ट्रैक्टर के साथ हम अपने कृषक समुदाय के लिए विकास, अनुकूलनशीलता और आशा के बीज बोने की अपनी प्रतिबद्धता को मज़बूत करते हैं। दिसंबर24 में अब तक की अपनी सर्वाधिक मासिक मार्किट शेयर 18 प्रतिशत के साथ शानदार बेंच मार्क से भरे वर्ष 2024 को पूरा किया है। 33 प्रतिशत की कुल वृद्धि के साथ, हमने दिसंबर24 में उद्योग की वृद्धि को भी 2.4ङ्क से पीछे छोड़ दिया है।

# आईडी फ्रेश फूड भोपाल में लेकर आया है ऑथेंटिक साउथ इंडियन इडली डोसा बैटर

**कंपनी अपनी योजना के तहत भारत के विभिन्न हिस्सों में बढ़ा रही है कारोबार**

**भोपाल।** फ्रेश और नेचुरल फ़ूड प्रोडक्ट्स में भारत का सबसे बड़ा और सबसे प्रतिष्ठित ब्रांड आईडी फ्रेश फूड तेजी से आगे बढ़ने की दिशा में काम कर रहा है। बैंगलोर स्थित इस कंपनी ने अपने पैन इंडिया ग्रोथ प्लान के हिस्से के रूप में भोपाल में अपने विस्तार की घोषणा की हैं। बढ़ती हुई कंज्यूमर डिमांड को पूरा करने के लिए एक रणनीतिक कदम में, कंपनी अपने प्रोडक्ट्स की रेंज पेश कर रही है, जिसमें इसका ऑथेंटिक और मुख्य प्रोडक्ट, इडली-डोसा बैटर शामिल है, जिससे देश भर में लोकप्रिय साउथ इंडियन नाश्ता व्यंजन साझा किया जा सके। भोपाल के उपभोक्ता अब आईडी के मालाबार परोटा, गेहूं का लच्छा पराठा, पनीर, दही और कॉफी का भी आनंद ले सकते हैं। ब्रांड जल्द ही बाजार में अपने बाकी प्रोडक्ट्स, जैसे मसाले और चटनी भी लॉन्च करेगा।





आईडी फ्रेश फ़ूड के सीईओ (भारत) रजत दिवाकर ने कहा, हम आईडी फ्रेश के ऑथेंटिक, नेचुरल और प्रिजर्वेटिव-फ्री प्रोडक्ट्स को वाईब्रेंट सिटी भोपाल में लाकर बहुत ज्यादा उत्साहित हैं। भोपाल हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मार्केट है, क्योंकि इसने हमें रिच फ़ूड कल्चर एवं नेचुरल और ट्रेडिशनल फ्लेवर्स पसंद करने वाले कस्टमर्स दिए है। यहां हमारा विस्तार हमारी पैन इंडिया ग्रोथ प्लान में एक महत्वपूर्ण कदम है, और हम भोपाल कम्युनिटी से जुड़ने के लिए उत्साहित हैं, हम ऐसे प्रोडक्ट्स ला रहे हैं जो हाई क्वालिटी वाले और सेहतमंद विकल्प पसंद करने वाले लोगों की पसंद के हिसाब से है।

2024 में पूरे भारत में अपना कारोबार तेजी से बढ़ाने की इस योजना की शुरुआत आईडी की अभूतपूर्व सफलता के आधार पर हुई है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 में 554 करोड़ रुपये का रेवेन्यु कमाया और वित्त वर्ष 2025 में इसे बढ़ाकर 700 करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। वास्तव में, कंपनी के ऑपरेशनल रेवेन्यु में 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जो पिछले साल के 340.9 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 24 में 395.76 करोड़ रुपये हो गया।

यह विस्तार आईडी फ्रेश फ़ूड की ग्रोथ स्ट्रेटेजी के हिसाब से किया जा रहा है। ताकि देश भर में इसके प्रोडक्ट्स की पहुँच और उपलब्धता को बढ़ाया जा सके। वर्तमान में, कंपनी अपने कोर प्रोडक्ट्स को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुँचाने पर ध्यान दे रही है। अगले कदम में, हर शहर के लिए खास योजनाएँ बनाई जाएंगी, जो बाजार में परफॉरमेंस और कंज्यूमर के फीडबैक पर आधारित होंगी।

# क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन ने बायर एजी से एथोक्सीसल्फ्यूरॉन परिसंपत्तियों के अधिग्रहण के साथ चावल के खरपतवारनाशकों में नेतृत्व को मजबूत किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कृषि नवाचार में अग्रणी, क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड ने घोषणा की है कि वह कुछ एशियाई देशों में बिक्री के लिए बायर एजी से इसके सक्रिय घटक एथोक्सीसल्फ्यूरॉन का वैश्विक स्तर पर अधिग्रहण करेगा। इस अधिग्रहण को क्रिस्टल का 13वां अहम लेनदेन माना जा सकता है और वर्ष 2021 में भारतीय कपास, बाजरा और सरसों के बीज पोर्टफोलियो के अधिग्रहण के बाद यह बायर से किया गया दूसरा अधिग्रहण है।

CRYSTAL
Inspiring Growth


इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन ( ) द्वारा समर्थित, क्रिस्टल क्रॉप एक अनुसंधान एवं विकासआधारित कंपनी है जो 4 दशकों से अधिक समय से किसानों को फसल के उन्नत समाधान प्रदान करती आ रही है। यह क्रिस्टल के सबसे बड़े अधिग्रहणों में से एक है, जिसके जरिए चावल (धान) के खरपतवारनाशक बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करते हुए इसके में 20।

इस समझौते से विश्वसनीय सनराइस ट्रेडमार्क और एथोक्सीसल्फ्यूरॉन युक्त मिश्रण उत्पाद के साथ-साथ सभी पंजीकरण भी प्राप्त होंगे। एथोक्सीसल्फ्यूरॉन चावल (धान) में चौड़ी पत्ती वाले सेज और खरपतवारों को प्रभावी तरीके से नियंत्रित करने के लिए जाना जाता है, जिससे यह क्रिस्टल के पोर्टफोलियो में एक महत्वपूर्ण अतिरिक्त मूल्यवर्धन बन जाएगा। यह अधिग्रहण क्रिस्टल के उस मिशन के अनुरूप किया गया है, जिसके तहत स्थानीय स्तर पर उत्पाद को लागत प्रभावी, स्थायी समाधान प्रदान किए जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप भारत, दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया (वियतनाम, बांग्लादेश, थाईलैंड और पाकिस्तान सहित) के किसानों को लागत में तालमेल और पहुंच का लाभ मिलेगा।

क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, श्री अंकुर अग्रवाल ने अधिग्रहण पर टिप्पणी करते हुए कहा, यह अधिग्रहण हमारे पोर्टफोलियो को मजबूत बनाने की दिशा में हमारे फोकस का प्रमाण है, जिसमें ऐसे समाधान शामिल हैं जिनसे किसानों के जीवन में वास्तविक रूप से बदलाव आएंगे। हम इस समझौते से, उन्नत खरपतवार प्रबंधन समाधानों के साथ किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ा रहे हैं। हम अपने मजबूत वितरण नेटवर्क और विनिर्माण क्षमताओं का लाभ उठाते हुए यह सुनिश्चित करेंगे कि यह साधन भारत, दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्वी एशिया के किसानों तक अच्छी तरह पहुंच सकें।

क्रिस्टल कंपनी के पास चावल (धान) के पारिस्थितिकी तंत्र के व्यापक ज्ञान को देखते हुए यह अधिग्रहण पूरी तरह उपयुक्त है, जिसमें बीज लेने से लेकर फसल की कटाई तक किसानों को समाधान प्रदान करने की क्षमता बढ़ेगी। कंपनी की साझेदारियों और अधिग्रहणों के माध्यम से दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्वी एशिया में बढ़ती उपस्थिति से कृषि समाधान बाजार में एक अहम कंपनी के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है। क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन के अहम अधिग्रहणों के जरिए अकार्बनिक विकास को बढ़ावा देने की प्रतिष्ठा बनी है। यह समझौता वर्ष 2024 की शुरुआत में सीड्स के अधिग्रहण के बाद हुआ है, जिससे फसल सुरक्षा, बीज और कृषि मशीनीकरण में अपनी पेशकशों में विविधता लाने और विस्तार करने के इसके निरंतर प्रयासों को दर्शाया जाता है। पिछले कुछ वर्षों में, क्रिस्टल ने सिंजेन्टा, एफएमसी, बायर, बीएएसएफ और डॉव-कोर्टेवा जैसी अग्रणी वैश्विक कंपनियों के ब्रांडों का अधिग्रहण किया है और अग्रणी उद्योग लीडर के रूप में अपनी स्थिति को लगातार मजबूत किया है।

छत्तीसगढ़ अंचल के गांवों में खेती किसानी कार्यों से मुक्त होने के बाद किसान मनोरंजन के लिए मेला मड़ई का आयोजन करते हैं। यह ध्यान रखा जाता है कि जिस गांव में मड़ई की तिथि तय होती है उसके आसपास के गांवों में इस समय मड़ई का आयोजन नहीं किया जाता।




# महासमुंद जिले का प्रसिद्ध कचना धुरवा मड़ई



मेला मड़ई : गौकरण मानिकपुरी

मड़ई के दिन ग्राम के देवी देवताओं और डीही डोंगर की भी पूजा अर्चना की जाती है। रंग बिरंगी ध्वज लहराते गाजा बाजे के साथ ठाकुरों को परघाने का क्रम भी इस बीच चलते रहता है।इसी कड़ी में महासमुंद जिले के पिथौरा तहसील स्थित कचना या करिया धुरवा स्थल में प्रति वर्ष पौष पूर्णिमा को मड़ई मेले का आयोजन धूमधाम से किया जाता है। जहां मेले का आयोजन किया जाता है उस स्थल पर करिया धुरवा की प्रतिमा स्थापित है। इस स्थल पर लोगों की अपार आस्था है और वर्ष भर श्रद्धालु यहां अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए आते रहते हैं।
पिथौरा, सिरपुर और गरियाबंद में करिया धुरवा से संबंधित लोक मान्यताएं और अनेक किंवदंती सुनने को मिलती हैं। इन धार्मिक मान्यता के स्थलों में भक्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इस मंदिर में भक्तों द्वारा ज्योति कलश भी प्रज्ज्वलित की जाती है। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस मंदिर में आस लेकर आए भक्तों की मांग अवश्य पूरी होती है। प्रमाणों के आधार पर मड़ई मेले के दिन मनोरंजन के साथ ही अपनी आस्था प्रकट अवश्य ही आते हैं।



करिया धुरवा के मंदिर प्रस्तर निर्मित बहुत सारी खंडित प्रतिमाएं सहेज कर रखी हुई हैं तथा इनमें घुड़सवार करिया धुरवा की प्रतिमा स्थापित है। वहीं सड़क के दूसरी तरफ़ धुरवीन भी घोड़े पर सवार होकर मंदिर में विराजमान है और यहां भी अनेक प्रस्तर निर्मित खंडित प्रतिमाएं रखी हुई हैं। ग्रामीण पुरुष एवं महिलाएं इन स्थानों पर नारियल पुष्प अर्पित कर धूप दीप प्रज्जवलित कर सकाम पूजा पाठ करते हैं तथा मनोकामना पूर्ण होने के लिए देवों से प्रार्थना करते हैं। इस दिन यहाँ भक्तों की काफ़ी संख्या देखी जा सकती है।

---

चिन्हारी

कमल नारायण

## अब कोनो ल नी देखन रऊनिया डहन




शास्त्र में कहे गए हे, जड़काला घरी मंखे ल रउनिया में रहना या घाम तापना चाही। एकर ले हमर तन ले जाड़ तो भागबे करथे, संगे संग विटामिन डी घलाव मिलथे। एकर ले हड्डी मजबूत होथे। शरीर ल ताकत संग बल मिल जाथे। आज के बेरा म कोनो ल रउनिया तापे बर फुरसत नई हे। हमन अपन तन बर बेरा नि निकाल सकत हन। एकर परिनाम ए होवत हे कि रोग राई ल अपन तन में बढ़ावा देवत हन। पहली सियान लइका, दाई बहिनी मन बिहनिया बेर उए तहने कमरा ओढ़े जाड़ भगाए बर चावरा में बईठे। पारा मोहल्ला के मन एक जगा सकला जाय। दुख सुख के गोठ होवय। एक दुसर के हीयाव करें। अब कहा पाबे। अब कोनो अईसने बईठ जाहि त तोर कर कुछु काम बुता नई हे का किथे। आज हमन ल रउनिया के वोतका जरुवत हे, जतका पहली रिहिस। त हमन रऊनिया तापे बर कंजूसी नी कर के सोज रूप में मिलत विटामिन डी ल ग्रहण करत अपन तन ल निरोगी बनावन।

---

लोक साहित्य

सरला शर्मा

## हिन्दी काव्य म छत्तीसगढ़



लोगन जऊन हिंदी अऊ प्रांतीय भासा कही के अलगाव वाला बात करथे त येह उचित नोहे। एकर ले भारतीय अखंडता खंडित होथे। सबो भासा म रचे साहित्य ह भारतीय साहित्य आय। ए प्रक्रिया में कभु कोनो अंचल विशेष बर लिखे उदगार कोती ध्यान जाना स्वाभाविक हे। आदि कवि वाल्मीकि रामायण में छत्तीसगढ़ी के बरनन करे हावय। तुरतुरिया आश्रम में माता सीता रीहिस। लोचन प्रसाद पाण्डेय जी प्रकृति खातिर लिखथे-

सरिता जल में प्रतिबिंब लखै,
शुद्ध कहीं जलपान करै।
कहीं मुग्ध हो निर्झर झरझर में,
घन कुंजन में तन ताप हरै।


मुकुटधर पाण्डेय रुख राई ला देख के लेखनी ल देखन -

विकसित सर के किंजल्क जालू,
शोभित उन पर निहार माल।
किस समय बंधु की आंखों से,
है टपक पड़ा यह प्रेम नीर।

## पुस्तक समीक्षा

### हमर गांव

(लइका मन के कविता)




कृति के नाव: हमर गांव

लेखक: रामेश्वर शांडिल्य

प्रकाशक: बुक्स क्लीनिक, बिलासपुर

पुस्तक समीक्षा: विवेक तिवारी

मूल्य: 150 रुपया

बाल साहित्य के रचना कोनो लइका खेलवारी नोहय, काबर के एमा लइका मन के उम्मर, उंखर रुचि अउ सोंच के ध्यान रखना जरुरी रथे। संगे संग कविता म लइका मन बर सीख घलो होना चाही, जेखर ले उनला सही ज्ञान मिल सकय। ए जम्मो जिनिस ल ध्यान म रख के कवि ह "हमर गांव" नाव के पुस्तक के रचना करे हावंय । इंखर कविता मा लइका मनन ला लुभाये के 40 ठन स्वरचित कविता संग्रहित करे हावंय।

ए पुस्तक म जोराय कुछ कविता मन के बानगी देखव-

"जलदी जागव" –


घोड़ा बेंच झन सुतव जी। कुकरा बासत उठंव जी।
सुत उठ के कछु काम करव। जग म अपन नाम करव।

सहज बोध के उंखर रचना मन अमीर खुसरो के मुकरी कस लगथे। ये रचना मनन नान-नान हवै फेर एमा गंभीरता घलो हवै। ए पुस्तक के रचना मन हमर गुरतुर भाखा छत्तीसगढ़ी म हवैं। अउ छत्तीसगढ़ी म सार्थक कविता उही लिख सकथे जेन लोकजीवन म रचे-बसे होवय।

---

धार्मिक: डा. देवी प्रसाद

## अनेक तथ्यों को उजागर करता बंकेश्वर मंदिर



बिलासपुर से 55 मील दूरी पर ईशान कोण में तुम्माण स्थित है। तुम्मान को स्थानीय बोली में खोल या छिद्र कहा जाता है। इस खोल में एक या दो प्रवेश मार्ग होते हैं। यहीं बंकेश्वर का सुप्रसिद्ध मंदिर बंक ऋषि की स्मृति में बनाया गया था। शताब्दियों के थपेड़े खाकर भी इन भग्नावशेष से उनके अद्वितीय शिल्प कौशल देख कर आश्चर्य होता है। एक स्थान पर भगवान शिव के तांडव नृत्य की मुद्रा कला पूर्ण ढंग से उकेरी गई है। एक स्थान पर ब्रह्मा जी की मूर्ति खंडित है, समीप में उनका वाहन हंस मजे से खड़ा है। द्वार के दाहिनी ओर वामन भगवान गरुड़ पर आरूढ़ है। द्वार के ऊपर कीर्तिमुख को स्थापित करते हुए गणों की मूर्तियां उत्कीर्ण हैं जो हाथ में पुष्पहार लिए हुए हैं। दक्षिण कोसल में हैहयवंशियों के राजत्वकाल में जिन मन्दिरों के निर्माण किए गए उनके द्वार पर नवग्रहों की मूर्तियां अवश्य प्रतिष्ठित रहती थी। द्वार के चौखट पर विष्णुजी के दशावतार की मूर्तियां उकेरी गई हैं। द्वार के निम्न भाग पर हाथ में घड़ा लिए गंगा और यमुना जी कच्छप पर विराजमान हैं। गंगा और यमुना के आजू बाजू द्वारपाल खड़े हैं लेकिन इनके हाथ काल बलि ने तोड़ दिए हैं। इसी तरह यहां के अन्य मंदिरों के कलाकृति की अपनी विशेषता है।

---

सुरता

वीरेन्द्र बहादुर सिंह

## जुझारू नेतृत्व और व्यक्तित्व के धनी थे लाला जय नारायण

छुईखदान के चर्चित व्यक्तियों में से एक लाला जय नारायण श्रीवास्तव जी रहे। आपको लोग लाला जी के नाम से जानते थे। आपके पिता का नाम गोवर्धन लाल श्रीवास्तव था, वे छुईखदान में सरकारी वकील थे। लाला जी की मैट्रिक तक की शिक्षा राजनांदगांव में हुई । आगे की पढ़ाई के लिए नागपुर चले गए। नागपुर में अध्ययन के दौरान वे साप्ताहिक समाचार पत्र नया खून से जुड़े तथा सी पी एंड बरार प्रांत के तत्कालीन गृह मंत्री और मध्य भारत की राजनीति के चाणक्य माने जाने वाले प द्वारिका प्रसाद मिश्र की नीतियों के खिलाफ आलोचनात्मक रपट लिखकर चर्चा में आए। बाद में वे उनके अत्यंत करीबी हो गए। महाविद्यालय शिक्षा पूरी होने के बाद वे सन 1966 में राजनांदगांव लौटे और सुरुचि प्रिंटिंग प्रेस की स्थापना कर उनका संचालन किया। हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं पर उनका समान अधिकार था। आप राजनांदगांव नगर पालिका अध्यक्ष के साथ ही कांग्रेस पार्टी में विभिन्न पदों पर भी कार्य किए। लालाजी ने राजनीति का क्षेत्र चुना तो उनके छोटे भाई रम्मू श्रीवास्तव ने प्रखर पत्रकार और योग्य संपादक के रूप में अमिट छाप छोड़ी। उस समय लोग सिद्धांत की राजनीति करते थे तथा व्यक्तिगत संबंधों को आंच नहीं आने देते थे। यही कारण है कि राजनीतिक प्रतिद्वंदिता के कारण लाला जी अंचल के तत्कालीन समाजवादी नेताओं में मदन तिवारी, विद्याभूषण ठाकुर,धन्नालाल जैन और ठाकुर दरबार सिंह के परामर्शदाता थे। सन 1974 में एक सड़क दुर्घटना में उनका असामयिक निधन हो गया ।



---

लोक नाट्य

डा. तीर्थेश्वर सिंह

## हिन्दुस्तानी थिएटर और मिट्टी की गाड़ी

हबीब तनवीर ने हिंदुस्तानी थियेटर के लिए लोक नाट्य मिट्टी की गाड़ी को चुना और देश विदेश सभी स्थानों में प्रदर्शन के माध्यम से धूम मचा दी। इन्होंने इस नाट्य में भारतीय संगीत और नृत्य परंपराओं का प्रयोग बड़ी सूझबुझ के साथ किया।

हबीब तनवीर की सबसे बड़ी विशेषता थी कि वे अपनी विफलताओं से सीख लेते थे। हबीब तनवीर ने आदिवासियों के जीवन को आधार बना कर भी नाटक लिखे। इनके रंगकर्म के कई पक्ष हैं जिन पर भारतीय रंग समीक्षकों के साथ विदेशी रंग कर्मियों की दृष्टि भी प्रशंसात्मक रूप में पड़ी। इस संदर्भ में के नाथ रे ने लिखा है -हबीब तनवीर की कार्यप्रणाली की सफलता का सबसे प्रमुख पक्ष यह है कि उनमें नियंत्रण बनाए रखने की खासी क्षमता है, वे बहुत अच्छी तरह जानते हैं कि नए विचारों द्वारा आंचलिक कलाकारों को आसानी से वशीभूत किया जा सकता है। लोक नाट्यों पर शहरी प्रभाव में इस बीच बहुत बुरा असर डाला है। वे कहते हैं -बहुत कुछ अब तक नष्ट हो चुका है, बहुत कुछ नष्ट होने के कगार पर है और बहुत कुछ नष्ट हो सकता है। इसलिए अपने कामों में रीति नीति में थोड़ा दखल देते हैं। इसके बाद आश्वस्त होकर तन्मयता के प्रस्तुति देते हैं। इस तरह सहजता और तन्मयता का अच्छा उदाहरण मंचों में देखने को मिलता है। इसका अच्छा इस मंचन में भी हम देखते हैं।



# टाइगर ने रिकवरी के बाद थ्रो बैक लुक शेयर किया

### अपनी सहनशक्ति से प्रशंसकों को किया प्रेरित



**बॉलीवुड** के एक्शन सुपरस्टार टाइगर श्रॉफ ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक थ्रोबैक तस्वीर शेयर की, जिसमें उन्होंने बताया कि यह तस्वीर उन्होंने डेंगू से उबरने के ठीक एक दिन बाद क्लिक की थी। पोस्ट को कैप्शन देते हुए, यह तस्वीर मैंने डेंगू फीवर से ठीक होने के एक दिन बाद ली थी। टाइगर ने एक बार फिर अपनी अद्वितीय सहनशक्ति और समर्पण से फैंस को प्रेरित किया। अपने अनुशासन और अतुलनीय समर्पण के लिए प्रसिद्ध, टाइगर की यह पोस्ट उनके चुनौतियों को पार करने और अपने सर्वोत्तम रूप को बनाए रखने की क्षमता का प्रमाण है। स्वास्थ्य में गिरावट के बावजूद, उनके लक्ष्यों पर अडिग ध्यान उनके संकल्प और मेहनत का प्रतीक बनकर उभरा है, जो उन्हें दृढ़ता और संकल्प का सच्चा उदाहरण बनाता है। एक युवा और विश्वभर में अपने वफादार फैनबेस वाले एक्शन सुपरस्टार के रूप में टाइगर ने स्क्रीन पर और बाहर दोनों जगह मानक स्थापित करना जारी रखा है।

# अभिनेत्री बिपाशा बसु ने अपनी पसंदीदा चीजों का किया खुलासा



**अभिनेत्री** बिपाशा बसु इन दिनों अपनी नन्हीं बेटी देवी के साथ मातृत्व का भरपूर आनंद ले रही हैं। उनकी हालिया इंस्टाग्राम पोस्ट इसके सबूत हैं। बिपाशा फिलहाल अपने पति करण सिंह ग्रोवर और बेटी के साथ मालदीव में छुट्टियां मना रही हैं। हाल ही में बचना ऐ हसीनों की अभिनेत्री ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल के स्टोरीज सेक्शन में अपनी कुछ पसंदीदा चीजों का खुलासा किया। अपनी सुबह की एक झलक साझा करते हुए दिवा ने एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें उनके पति करण सिंह ग्रोवर बालकनी में खड़े दिखाई दे रहे हैं, जबकि छोटी देवी अपनी मां के पास आराम कर रही हैं। उन्होंने इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा, ये मेरी कुछ पसंदीदा चीजें हैं। बिपाशा बसु ने इंस्टा पर अपनी मालदीव की छुट्टियों की कुछ और झलकियां पोस्ट कीं। जहां एक तस्वीर में छोटी देवी समुद्र तट पर मस्ती करती हुई दिखाई दे रही हैं, वहीं दूसरी तस्वीर में बिपाशा बसु समुद्र तट के किनारे गर्म पेय का आनंद ले रही हैं। उन्होंने अपने होटल से पूल की एक क्लिप भी पोस्ट की। बिपाशा बसु अपनी छोटी सी खुशी के साथ मनमोहक अपडेट के साथ नेटिजन्स का मनोरंजन करती रहती हैं। बिपाशा के पति करण सिंह ग्रोवर आखिरी बार बड़े पर्दे पर एरियल एक्शन थ्रिलर फिल्म फाइटर में दिखाई दिए थे। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी इस एक्शन एंटरटेनर में ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर मुख्य भूमिकाओं में थे। फाइटर 25 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में पहुंची और यह प्रोजेक्ट बॉक्स-ऑफिस पर मध्यम सफलता साबित हुआ। बिपाशा बसु की फिल्मोग्राफी की बात करें तो अभिनेत्री आखिरी बार वेब सीरीज डेंजरस का हिस्सा थीं। भूषण पटेल ने इस ड्रामा का निर्देशन किया था, जबकि विक्रम भट्ट ने इसकी पटकथा लिखी थी। बिपाशा बसु के अलावा, डेंजरस में करण सिंह ग्रोवर, सोनाली राउत, नताशा सूरी और सुयश राय भी प्रमुख भूमिकाओं में थे। यह शो 2020 में एनएक्स प्लेयर पर प्रसारित हुआ और तब से अभिनेत्री अभिनय से दूर हैं। बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर दोनों ने अभी तक अपने अगले वेंचर की घोषणा नहीं की है।

# ऋतिक रोशन ने बताया साल 2025 में क्या है उनका प्लान



**साल** 2025 को लेकर फिल्म जगत के सितारों के बीच एक अलग ही उत्साह है। अभिनेता ऋतिक रोशन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि साल 2025 में उनका क्या प्लान है। अभिनेता सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपने लेटेस्ट पोस्ट को अक्सर फैंस के साथ साझा करते रहते हैं। ऐसे में बात नए साल के प्लान की हो तो वह भला कैसे पीछे रह सकते हैं। रोशन ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर को शेयर करते हुए बताया कि मजबूत दिखने और मजबूत होने में बहुत अंतर होता है। अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, मजबूत होने और मजबूत दिखने में बहुत अंतर है। इस साल मैं असली चीज के लिए तैयार हो रहा हूं। शेयर की गई तस्वीर में अभिनेता अपनी बॉडी को फ्लॉन्ट करते नजर आए। सोशल मीडिया पर सक्रिय ऋतिक रोशन हाल ही में एक पोस्ट साझा कर वह अपनी खास दोस्त सबा आजाद का हौसला बढ़ाते नजर आए थे।



## सूरज पंचोली अपनी पहली बायोपिक में वीर हमीरजी गोहिल का किरदार निभाने के लिए तैयार हैं!

सूरज पंचोली, जो अपनी दमदार स्क्रीन उपस्थिति और लोगों के साथ तालमेल बिठाने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं, अपनी पहली बायोपिक में लोगों को प्रभावित करने के लिए तैयार हैं। हीरो स्टार एक ऐसी फिल्म में एक गुमनाम योद्धा वीर हमीरजी गोहिल की भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे, जो गुजरात के प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर में हुए युद्ध के इर्द-गिर्द घूमती है। ड्रामा में उत्सुकता जोड़ते हुए, यह फिल्म 14वीं शताब्दी ईस्वी के दौरान घुसपैठियों से मंदिर को बचाने के लिए लड़े और अपने प्राणों की आहुति देने वाले गुमनाम योद्धाओं की प्रेरक कहानी को दर्शाएगी। निर्देशक प्रिंस धीमान द्वारा निर्देशित, इस बायोपिक को भव्य पैमाने पर भव्य सेट और पुनर्निर्मित महलों के साथ शूट किया गया है।

इसके अलावा, अभिनेता पहली बार प्रतिष्ठित अभिनेता सुनील शेट्टी, विवेक ओबेरॉय और आकांक्षा शर्मा के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए दिखाई देंगे। प्रामाणिकता जोड़ने के लिए, अभिनेता पहले कभी नहीं देखे गए अवतारों को निभाएंगे, जो एक प्रभावशाली फिल्म को सामने लाएंगे जो न केवल जनता का मनोरंजन करने का वादा करती है बल्कि वास्तविक जीवन की घटनाओं से प्रेरित कहानी भी बताती है।



## 'शोले' की 'बसंती' बन कैमरे के सामने झूमीं दीपिका सिंह, नमन शॉ बने 'वीरू'

लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री दीपिका सिंह ने ब्लॉकबस्टर 'शोले' के माध्यम से अपने अंदर की 'बसंती' को प्रशंसकों के सामने मजेदार अंदाज में पेश किया। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए पोस्ट में अभिनेत्री के साथ नमन शॉ 'वीरू' की भूमिका में नजर आए। दीपिका सिंह सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और अपने इंस्टाग्राम पर अक्सर एक से बढ़कर एक पोस्ट शेयर करती रहती हैं। शेयर किए गए लेटेस्ट वीडियो में अभिनेत्री 1975 में आई फिल्म 'शोले' के गाने 'हां जब तक है जान' पर डांस करती कैमरे में कैद हुईं। वीडियो में दीपिका के साथ अभिनेता 'वीरू' की भूमिका में नजर आए। हालांकि, रील में मजेदार ट्विस्ट है। क्लिप की शुरुआत दीपिका के 'मंगल लक्ष्मी' के सह-कलाकार नमन शॉ से होती है, जो दिग्गज स्टार धर्मेंद्र के किरदार 'वीरू' की भूमिका में हैं और मशहूर लाइन कहते हैं, बसंती इन कुत्तों के सामने मत नाचना। इसमें ट्विस्ट तब आता है, जब दीपिका जवाब देती हैं, नहीं, जब तक है जान मैं तो रील बनाऊंगी। अभिनेत्री ने वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, शूटिंग के लिए जाने से पहले मैं रील बनाऊंगी। ऑन लोकेशन फन, दीपिका सिंह और नमन शॉ। इसके बाद अभिनेत्री दिवंगत गायिका लता मंगेशकर द्वारा गाए गए गाने 'हां जब तक है जान' पर डांस करना शुरू कर देती हैं। यह गाना मूल रूप से धर्मेंद्र, हेमा मालिनी और अमजद खान पर फिल्माया गया था। अमजद खान ने फिल्म में खलनायक गब्बर सिंह की भूमिका निभाई थी। शोले की बात करें तो, एक्शन-एडवेंचर फिल्म का निर्देशन रमेश सिप्पी ने किया था। यह फिल्म दो अपराधियों, वीरू (धर्मेंद्र) और जय (अमिताभ बच्चन) के किरदार पर फोकस है।

## काजल अग्रवाल स्टारर कन्नप्पा का फर्स्ट लुक आउट, मां पार्वती बनीं अभिनेत्री

**काजल** अग्रवाल की अपकमिंग तेलुगू पौराणिक ड्रामा 'कन्नप्पा' से उनका फर्स्ट लुक पोस्टर आउट हो चुका है। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्टर को शेयर करते हुए उसे अपना ड्रीम रोल बताया। पोस्टर में काजल मां पार्वती के किरदार में नजर आईं।



'कनप्पा' के निर्माताओं ने सोमवार को सोशल मीडिया पर फिल्म से उनका पहला लुक जारी किया और अभिनेत्री ने भी अपने प्रशंसकों को इस लुक से रूबरू कराया।

पोस्टर को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए काजल अग्रवाल ने लिखा, वाकई एक ड्रीम रोल! 2025 की शुरुआत करने की खुशी है कन्नप्पा, हर हर महादेव। माता पार्वती। काजल अग्रवाल की पोस्ट पर अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने कमेंट करते हुए लिखा, बहुत खूबसूरत।

वहीं, पोस्टर में अभिनेत्री देवी पार्वती के रूप में खूबसूरत लग रही हैं। पोस्टर में अभिनेत्री ने सुनहरे बॉर्डर वाली सफेद साड़ी पहनी है। उनके लुक को सुनहरे नेकपीस के साथ मैचिंग इयररिंग्स, चूड़ियों और मांग-टीका के साथ पूरा किया गया है। उनके बाल खुले रखे गए और उनमें गुलाबी रंग का फूल लगा हुआ है। 'कन्नप्पा' के निर्देशक मुकेश कुमार सिंह हैं और निर्माण मोहन बाबू ने 24 फ्रेम्स फैक्ट्री के सहयोग से अपने बैनर एवीए एंटरटेनमेंट के तहत किया है।

फिल्म में काजल अग्रवाल के साथ विष्णु मांचू मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे, जबकि मोहन बाबू, आर. सरथकुमार, अर्पित रांका, कौशल मंडा, राहुल माधव, देवराज, मुकेश ऋषि, ब्रह्मानंदम, रघु बाबू, प्रीति मुखुंधन, मधु, मोहनलाल, प्रभास और अक्षय कुमार भी महत्वपूर्ण भूमिका में दिखेंगे।

फिल्म में अक्षय कुमार कैमियो किरदार में नजर आएंगे। 'कन्नप्पा' अक्षय कुमार की पहली तेलुगू फिल्म है।


# इन हसीनाओं ने क्रिकेटर को बनाया हमसफर, किसी का सफल रहा रिश्ता

**बॉलीवुड और क्रिकेट का काफी पुराना नाता रहा है। दोनों ही क्षेत्र में पैसा और ग्लैमर है। यही वजह है कि जब कोई बड़ा मैच होता है तो अक्सर मैदान में बॉलीवुड सितारों को देखा जाता है। हालांकि, अब बॉलीवुड और क्रिकेट का रिश्ता सिर्फ मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा। यह अब शादी में भी बदल चुका है। तो आज की इस खबर में हम आपको उन बॉलीवुड हसीनाओं के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्होंने क्रिकेटर से शादी की थी। हालांकि, कुछ की राहें भी जुदा हो गईं।**



### युजवेंद्र चहल और धनश्री

भारतीय क्रिकेटर और कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा ने साल 2020 में सात फेरे लिए थे। दोनों सोशल मीडिया पर भी अक्सर एक-दूसरे पर प्यार लुटाते थे। हालांकि, अब दोनों ने एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया है। इंटरनेट पर अब दोनों के रिश्ते की खटास की खबरें भी वायरल हो रही हैं। कई लोगों का कहना है कि अब दोनों अलग होने की सोच रहे हैं।



### नताशा स्टेनकोविक और हार्दिक पांड्या

नताशा स्टेनकोविक टीवी और बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री हैं। वह कई आइटम नंबर्स में भी नजर आ चुकी हैं। नताशा और हार्दिक ने साल 2020 में शादी के बंधन में बंधे थे। हालांकि, अब दोनों की राहें जुदा हो गई हैं और दोनों अपने बच्चों का साथ में पालन-पोषण कर रहे हैं।

### अनुष्का और विराट



अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने साल 2017 में शादी की थी, उस समय दोनों की शादी की तस्वीरें भी काफी वायरल हुई थीं। दोनों ने शादी करने से पहले लंबे समय तक एक-दूसरे को डेट किया था। इस समय कपल बेटी वामिका और बेटे अकाय के माता-पिता है। अनुष्का बच्चों को मीडिया लाइमलाइट से काफी दूर रखती हैं

### हेजल कीच और युवराज




हेजल कीच ब्रिटिश मॉडल हैं और सलमान खान की फिल्म बॉडीगार्ड में भी नजर आ चुकी हैं, उन्होंने फिल्म में मुख्य भूमिका निभाई थी। हेजल और युवराज ने साल 2016 में शादी की थी। आज दोनों एक खुशहाल जिंदगी गुजार रहे हैं।

### गीता बसरा और हरभजन



क्रिकेटर हरभजन और गीता बसरा ने पांच साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद शादी की थी। गीता पंजाबी इंडस्ट्री का जाना मान नाम हैं। वह कई बॉलीवुड फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। दोनों साथ में अपने बच्चों का पालन पोषण कर रही हैं।

### शर्मिला टैगोर और मंसूर अली खान पटौदी



शर्मिला टैगोर अपने जमाने की टॉप अभिनेत्री थीं, उन्होंने मंसूर अली खान पटौदी को अपना हमफसर बनाया था।

सालों तक एक-दूसरे को जानने-समझने और डेटिंग के बाद शर्मिला टैगोर और मंसूर अली खान पटौदी ने 27 दिसंबर, 1968 को रचाई थी। शर्मिला ने अपनी शादी को लेकर खूब सुर्खियां बटोरी थीं।

-साभार एजेंसी

## हरमनप्रीत को रेस्ट, टीम की हुई घोषणा

# स्मृति मंधाना ऑयरलैंड के खिलाफ वनडे में करेंगी कप्तानी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की बेहतरीन ओपनर स्मृति मंधाना 10 जनवरी से राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए कप्तान की भूमिका में हैं। हरमनप्रीत कौर और रेणुका सिंह ठाकुर को आराम दिए जाने के बाद, मंधाना तेजल हसबनीस, प्रिया मिश्रा और राघवी बिष्ट जैसे उभरते सितारों वाली प्रतिभाशाली टीम का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। वेस्ट इंडीज के खिलाफ 3-0 की जीत के बाद भारत आत्मविश्वास के साथ सीरीज में उतरेगा, जिसका लक्ष्य अपनी जीत की लय को बरकरार रखना है!

**आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारत की टीम**

स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा (उपकप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, उमा छेत्री (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, राघवी बिस्ट , मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवेर, तितास साधु, साइमा ठाकोर, सयाली सतघरे

**साल 2025 में स्मृति से उम्मीदें**

स्थिरताः स्मृति मंधाना की सभी प्रारूपों (वनडे, टी20आई, टेस्ट) में निरंतरता बनाए रखने की क्षमता महत्वपूर्ण होगी। अगर वह ऐसा करती है, तो वह साल 2024 में अपने करियर की कई बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकती है।

नेतृत्व की भूमिकाः अगर वह 2024 में नेतृत्व की भूमिका निभाती है, तो इससे उनकी जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं और उसकी बल्लेबाजी के तरीके पर असर पड़ सकता है।

### आयरलैंड महिला टीम का भारत दौरा

10 जनवरी-पहला वनडे, निरंजन शाह स्टेडियम, राजकोट
12 जनवरी-दूसरा वनडे, निरंजन शाह स्टेडियम, राजकोट
15 जनवरी-तीसरा वनडे, निरंजन शाह स्टेडियम, राजकोट

## बैडमिंटनः

## मलयेशिया ओपन में त्रीसा और गायत्री की जोड़ी को मिली कामयाबी, प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंची



**कुआलालंपुर, एजेंसी।** भारत की त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने मंगलवार को यहां थाईलैंड की ओर्निचा जोंगसाथापोर्नपार्न और सुकिता सुवाचाई को सीधे गेम में हराकर मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। छठी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने केवल 30 मिनट में 21-10, 21-10 से जीत हासिल कर अंतिम 16 में जगह पक्की की। लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 टूर्नामेंट में अपनी सफलता से उत्साहित त्रीसा और गायत्री को गैरवरीय थाई जोड़ी से खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा।



## रोहित–विराट के समर्थन में उतरे युवराज सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी हारने के बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा है। रोहित और विराट दोनों ही बल्ले से खराब प्रदर्शन कर रहे हैं और हालांकि विराट ने पर्थ टेस्ट में शतक लगाया, लेकिन टीम में उनके स्थान को लेकर सवाल उठ रहे हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने दुबई में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रीमियर लीग के लॉन्च पर रोहित और विराट दोनों का समर्थन करते हुए कहा कि लोग भूल जाते हैं कि उन्होंने (रोहित और विराट) अतीत में क्या हासिल किया है।

भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल से बाहर करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को सिडनी में पांचवां और फाइनल जीतकर एक दशक बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। युवराज ने कहा, मैं देखता हूं कि भारत ने पिछले 5-6 सालों में क्या हासिल किया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में लगातार दो जीत हासिल की हैं। मुझे याद नहीं कि किसी टीम ने ऐसा किया हो। लोग रोहित शर्मा और विराट कोहली की खूब आलोचना कर रहे हैं, लेकिन लोग भूल जाते हैं कि उन्होंने अतीत में क्या हासिल किया है।

उन्होंने कहा, वे इस समय के दो सबसे महान क्रिकेटर हैं। यह ठीक है कि वे हार गए, वे हमसे ज़्यादा दुखी हैं। मुझे यकीन है कि भारत वापसी करेगा। कोच के तौर पर गौतम गंभीर, चयनकर्ता के तौर पर अजीत अगरकर, रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, वे इस समय क्रिकेट के सबसे बेहतरीन दिमाग हैं। उन्हें तय करना है कि भारतीय क्रिकेट का भविष्य क्या है। मुझे यकीन है कि इस पर बीसीसीआई, जय शाह के साथ चर्चा की जाएगी और इस बात पर विचार किया जाएगा कि भारत के लिए आगे बढ़ने का सबसे अच्छा तरीका क्या है। रोहित शर्मा के सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट से बाहर होने पर युवराज ने कहा, यह बड़ी बात है। मैंने पहले कभी नहीं देखा कि कोई कप्तान फॉर्म में न हो और उसने प्लेइंग इलेवन से बाहर होने का फैसला किया हो।

यह रोहित शर्मा की महानता है कि उन्होंने टीम को खुद से आगे रखा। वह एक महान कप्तान हैं, चाहे वह जीतें या हारें, वह हमेशा एक महान कप्तान रहेंगे। उनकी कप्तानी में हमने विश्व कप (वनडे) फाइनल खेला, हमने टी20 विश्व कप जीता, हमने बहुत कुछ हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया में हार से ज्यादा, न्यूजीलैंड से हार ने हमें और अधिक दुखी किया होगा क्योंकि हम अपने घर में 0-3 से हार गए थे। यह स्वीकार्य नहीं है। यह ठीक है कि हम दो बार जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया में हार गए। ऑस्ट्रेलिया इतने सालों से एक प्रमुख टीम रही है। यह पूछे जाने पर कि वह ड्रेसिंग रूम में क्या बदलाव देखना चाहेंगे? युवराज ने कहा, सबसे पहले मैं उस स्थिति में नहीं हूं, मैं खेल का छात्र था और अब भी खेल का छात्र हूं। गंभीर, रोहित और विराट ने मुझसे ज्यादा क्रिकेट खेली है। मैं केवल अपनी राय दे सकता हूं और मेरी राय यह है कि जब खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हों तो उनकी आलोचना करना बहुत आसान है, लेकिन उनका समर्थन करना बहुत मुश्किल है। उनकी आलोचना करना मीडिया का काम है और अपने दोस्तों और भाइयों का समर्थन करना मेरा काम है। मेरे लिए वे मेरा परिवार हैं। सीधी सी बात है।

## स्क्वैश : 16 साल की अनहत ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

# ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वैश का खिताब जीता



**बर्मिंघम, एजेंसी।** बीते वर्ष वह अंडर-17 वर्ग के फाइनल में पहुंची थीं, लेकिन उन्हें यहां हार मिली थी। 2022 में अनहत राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने वाली देश की सबसे युवा खिलाड़ी बनी थीं। अनहत ने एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य जीता है। वर्तमान में उनकी विश्व रैंकिंग 82 है।

देश की उभरती स्क्वैश खिलाड़ी 16 वर्षीय अनहत सिंह ने अंडर-17 ब्रिटिश ओपन जूनियर स्क्वैश टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। शीर्ष वरीय अनहत ने फाइनल में मिस्र की दूसरी वरीय मलिका अल कराक्सी को एक सेट से पिछड़ने के बाद 4-11, 11-9, 6-11, 11-5, 11-3 से हराया। अनहत इससे पहले यहां अंडर-11 और अंडर-15 वर्ग का खिताब जीत चुकी हैं। बीते वर्ष वह अंडर-17 वर्ग के फाइनल में पहुंची थीं, लेकिन उन्हें यहां हार मिली थी। 2022 में अनहत राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने वाली देश की सबसे युवा खिलाड़ी बनी थीं। अनहत ने एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य जीता है। वर्तमान में उनकी विश्व रैंकिंग 82 है।

### अनहत का परिवार

13 मार्च 2008 को दिल्ली में जन्मीं अनहत के पिता गुरशरण सिंह पेशे से वकील हैं। वहीं, मां तानी सिंह इंटीरियर डिजाइनर हैं। अनहत की बड़ी बहन अमीरा भी स्क्वैश प्लेयर हैं। वह अंडर-19 लेवल पर भारत की शीर्ष खिलाड़ियों में रह चुकी हैं। अमीरा स्नातक की डिग्री हासिल करने के बाद फिलहाल हार्वर्ड विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रही हैं। वह अभी हार्वर्ड महिला टीम के लिए स्क्वैश खेलती हैं।

### अनहत को बैडमिंटन पसंद

अनहत को स्क्वैश से पहले बैडमिंटन पसंद था। वह पीवी सिंधु को खेलता देख बड़ी हुई हैं। छह साल की उम्र में अनहत ने दिल्ली में पीवी सिंधु को खेलते देखा। तब सिंधु इंडिया ओपन में हिस्सा ले रही थीं। इसके बाद अनहत ने भी बैडमिंटन में भविष्य बनाने का सोचा। इस दौरान उन्होंने दिल्ली में कुछ युवा स्तर के टूर्नामेंट भी जीते। हालांकि, अपनी दीदी अमीरा के नक्शेकदम में चलते हुए उन्होंने आठ साल की उम्र से नियमित रूप से स्क्वैश खेलना शुरू कर दिया। तब से लेकर अब तक अनहत स्क्वैश खेल रही हैं।

### अनहत ने 2019 में ब्रिटिश ओपन में स्वर्ण जीता

इसके बाद कुछ ही समय में अनहत अंडर-11 और अंडर-13 में नंबर एक खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने 2019 में अंडर-11 लेवल पर भारत के लिए पहली बार प्रतिष्ठित ब्रिटिश ओपन स्क्वैश टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक हासिल किया। इस खिताब के बाद अनहत ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा था। इसी साल अनहत ने एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। साल 2020 में उन्होंने ब्रिटिश और मलेशिया जूनियर ओपन टूर्नामेंट में रजत पदक जीता था।

### यूएस ओपन 2021 में जूनियर चैंपियन बनीं अनाहत

अनहत ने पिछले साल फिलाडेल्फिया में आयोजित यूएस ओपन 2021 जूनियर (अंडर -15) स्क्वैश टूर्नामेंट भी जीता था। वह किसी भी आयु वर्ग में यूएस ओपन स्क्वैश टूर्नामेंट में चैंपियन बनने वाली पहली भारतीय महिला बनी थीं। इसके बाद साल 2022 में तो अनहत ने कमाल ही कर दिया। यह उनका अब तक का सबसे अच्छा सीजन रहा। उस साल जून में थाईलैंड एशियाई जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप (अंडर-15) में अनहत ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इतना ही नहीं चेन्नई में हुए नेशनल कैंप में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया और बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए भारतीय स्क्वैश टीम में जगह बनाई।

## हम जानते हैं लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया को कैसे हराना है : कैगिसो रबाडा

**केपटाउन, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने भरोसा जताया है कि उनकी टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़ा उलटफेर कर सकती है। उन्होंने कहा कि प्रोटियाज को पता है कि लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया को कैसे हराना है।

दरअसल, दक्षिण अफ्रीका ने सोमवार को केपटाउन में पाकिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में 10 विकेट से जीत दर्ज की थी। इस जीत के साथ ही दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 से पाकिस्तान को हरा दिया है, जिससे उनकी पहली बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में एंट्री हुई है।

रबाडा ने पाकिस्तान के खिलाफ छह विकेट लिए थे। तेज गेंदबाज रबाडा ने सुपरस्पोर्ट पर कहा, यह वास्तव में काफी दूर है, लेकिन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल जैसे बड़े अवसर के लिए आपको तैयार रहना होता है। दक्षिण अफ्रीका बनाम ऑस्ट्रेलिया हमेशा से एक अच्छी प्रतिद्वंद्विता रही है, क्योंकि हम क्रिकेट काफी हद तक एक जैसा खेलते हैं। हम



कड़ी मेहनत से खेलते हैं और वह हमें कड़ी टक्कर देते हैं, यह हम जानते हैं। उन्होंने आगे कहा, हम उन्हें हराना भी जानते हैं। (टेस्ट क्रिकेट) हमारा सर्वश्रेष्ठ प्रारूप है, जो हम अभी खेल रहे हैं।

जब आप दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट और हमारे सभी दिग्गजों को देखते हैं तो वह सभी महान टेस्ट क्रिकेटर रहे हैं। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेटर हैं और पाकिस्तान के खिलाफ यह श्रृंखला शानदार रही है।

पाकिस्तान को हराने के बाद दक्षिण अफ्रीका पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंच गया है। उसके 69.44 प्रतिशत अंक हो गए हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया 63.73 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर है। वहीं, डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए कोई टेस्ट मैच निर्धारित नहीं होने के कारण प्रोटियाज कोच शुकरी कॉनराड अपनी आगामी मैच की संभावनाओं के बारे में बताया।

कॉनराड ने कहा, हम संभवत ब्रिटेन में आयरलैंड या अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट मैच आयोजित करने का प्रयास करेंगे। हालांकि, अगर असफल होते हैं तो हम निश्चित रूप से कुछ दिन पहले बाहर जाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हम वहां अच्छी तरह से कैंप करें, शायद कैंटरबरी में ऐसा हो।

## राष्ट्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए पारस पुंडीर का चयन, कुल्लू के दो खिलाड़ी जूडो में दिखाएंगे दम

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के विकास खंड राजगढ़ के भाणत निवासी पारस पुंडीर का चयन राष्ट्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 7 से 13 जनवरी तक राजस्थान के जयपुर में होगी। प्रदेश की टीम जयपुर के लिए रवाना हो चुकी है। पारस पुंडीर जयपुर में प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। पारस वर्तमान में ऊना स्पोर्ट्स हॉस्टल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। पारस ने अपने चयन का श्रेय अपने गुरु और पिता रणदीप ठाकुर और हॉस्टल में अपने कोच तपन ठाकुर को दिया। पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी भूपेंद्र ठाकुर, रणदीप ठाकुर, अमन ठाकुर और जिला संघ के अध्यक्ष पृथ्वी राज ने कहा कि पारस को बधाई दी है।



**कुल्लू के दो खिलाड़ी जूडो में दिखाएंगे दमखम**

महाराष्ट्र के पुणे में राष्ट्रीय सब जूनियर कैडेट जूडो प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में कुल्लू के दो खिलाड़ी महिला और पुरुष वर्ग में दमखम दिखाएंगे। 44 किलोग्राम महिला भार वर्ग में एश्विन ठाकुर और 40 किलोग्राम पुरुष भार वर्ग में ऋतिक का चयन हुआ है। कुल्लू जूडो एसोसिएशन के प्रधान रणवीर ठाकुर ने कहा कि हाल ही में शिमला में राष्ट्रीय सब जूनियर कैडेट जूडो प्रतियोगिता के लिए ट्रायल किए गए थे।

## किरण जाधव ने लक्ष्य कप में एयर राइफल का स्वर्ण पदक जीता

**मुंबई, एजेंसी।** नौसेना के किरण जाधव ने कई जाने-माने निशानेबाजों को पछाड़ते हुए 15वें लक्ष्य कप आमंत्रण टूर्नामेंट में 10 मीटर एयर राइफल का स्वर्ण पदक जीता। वर्ष 2018 से हर बार फाइनल में जगह बनाने वाले 29 साल के जाधव ने 251.7 अंक के साथ पहली बार खिताब जीता। जाधव ने महाराष्ट्र के गजानन खानदागले (250.9) और महाराष्ट्र के ही मोहित गौड़ा (229.3) को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता।



पेरिस ओलंपिक के फाइनल में जगह बनाने वाले रेलवे के अर्जुन बबूता खिताब के प्रबल दावेदार माने जा रहे थे लेकिन वह 208.2 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे। पुरुष और महिला राष्ट्रीय एयर राइफल चैंपियन क्रमशः साहु माने और अनन्या नायडू फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे।

## एशियाड स्वर्ण विजेता बहादुर सिंह बने नए एएफआई अध्यक्ष, निर्विरोध चुने गए



**नईदिल्ली, एजेंसी।** शियाई खेलों के स्वर्ण विजेता और गोला फेंक के पूर्व खिलाड़ी बहादुर सिंह सागू को मंगलवार को यहां वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। वह लंबे समय से शीर्ष पद पर कार्यरत आदिल सुमरिवाला की जगह लेंगे।

बुसान एशियाई खेल 2002 में गोला फेंक में स्वर्ण पदक जीतने तथा 2000 और 2004 के ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले 51 वर्षीय सागू को चार साल के लिए इस पद पर चुना गया है। वह एएफआई एथलीट आयोग के सदस्य भी हैं। निवर्तमान वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजू बॉबी जॉर्ज के अध्यक्ष पद की दौड़ से बाहर हो जाने के बाद सागू मैदान में एकमात्र उम्मीदवार बचे थे। एएफआई की दो दिवसीय वार्षिक आम बैठक में उनके चुनाव को औपचारिक रूप दिया गया।

सागू ने एशियाई खेल 2002 में पुरुषों के गोला फेंक में 19.03 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 20.40 मीटर है। उन्हें पद्म श्री से भी सम्मानित किया जा चुका है। एएफआई के अन्य पदों के लिए भी कोई चुनाव नहीं हुआ तथा 2020 में पिछली एजीएम के दौरान जो हुआ उसकी पुनरावृत्ति हुई।

दिल्ली इकाई के शीर्ष पदाधिकारी संदीप मेहता को निर्विरोध एएफआई सचिव चुना गया। वह निवर्तमान कार्यकारी परिषद में वरिष्ठ संयुक्त सचिव थे। स्टेनली जोन्स को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## लक्ष्य, प्रणय मलेशिया ओपन में भारत का अभियान शुरू करेंगे



**कुआलालंपुर, एजेंसी।** शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पर सबकी नजरें रहेंगी, क्योंकि वे मंगलवार को मलेशियाई राजधानी के स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में शुरू होने वाले नए बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के पहले सुपर 1000 इवेंट मलेशिया ओपन 2025 में साल का अपना पहला खिताब जीतने की उम्मीद में सर्किट पर लौट रहे हैं। पुरुष एकल में लक्ष्य का सामना यू जेन ची (चीनी ताइपे) से होगा, जबकि प्रणय राउंड ऑफ 32 मैचों में ब्रायन यांग (कनाडा) से भिड़ेंगे।

इस बीच, पुरुष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी अपने ब्रैकेट में लू मिंग चे और टैंग काई वी (चीनी ताइपे) के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे। चिराग और सात्विक पुरुष युगल में सातवें स्थान पर हैं।

महिला एकल में आकर्षि कश्यप अपने पहले दौर के मुकाबले में जूली डावल जैकबसेन (डेनमार्क) से भिड़ेंगी, जबकि मालविका बंसोड़ का सामना गोह जिन वेई (मलेशिया) से होगा। अनुपमा उपाध्याय आठवें स्थान पर रहने वाली पोर्नपावी चोचुवोंग (थाईलैंड) को चुनौती देंगी। महिला युगल में सातवें स्थान पर रहने वाली ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी शामिल होगी, जो ओर्निचा जोंगसाथपोर्नपर्न और सुकिता सुवाचाई (थाईलैंड) से भिड़ेंगी।

आठवें स्थान पर रहने वाली तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा का सामना मिसाकी मात्सुतोमो और चिहारू शिदा (जापान) से होगा। बहनों के बीच होने वाले मुकाबले में रुतापर्णा और स्वेतापर्णा पांडा का सामना बेनयापा और नुंताकरन एम्सार्ड (थाईलैंड) से होगा। कई मिश्रित युगल जोड़ी भी एक्शन में होंगी, जिसमें सतीश कुमार करुणाकरण और आद्या वरियाथ के बीच आशिथ सूर्या और अमृता प्रमुथेश के खिलाफ एक अखिल भारतीय मुकाबला शामिल है। तनिषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला राउंड ऑफ 32 में को सुंग ह्यून और इओम हये वोन (दक्षिण कोरिया) से भिड़ेंगे।

# तिब्बत में 6.8 तीव्रता के भूकंप से 95 लोगों की मौत, नेपाल में भी झटके महसूस किए गए

**» बीजिंग, भाषा।**

**तिब्बत के सबसे पवित्र शहरों में से एक के निकट मंगलवार को 6.8 तीव्रता का भूकंप आया, जिसमें कम से कम 95 लोगों की मौत हो गई और 130 अन्य घायल हो गए। पड़ोसी देश नेपाल में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए जिसके कारण इमारतें हिलने लगीं और लोग अपने अपने घरों से बाहर निकल आए। क्षेत्रीय आपदा राहत मुख्यालय के अनुसार, मंगलवार को सुबह नौ बजकर पांच मिनट (चीन के समयानुसार) पर तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के शिगाजे शहर की डिंगरी काउंटी में भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने भूकंप की तीव्रता 7.1 बताई है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के अनुसार, भूकंप के कारण मंगलवार को अपराह्न तीन बजे तक (स्थानीय समयानुसार) 95 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है और 130 अन्य घायल हुए हैं।**

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य चलाने के लिए हर संभव प्रयास करने के आदेश दिए। शी ने घायलों के उपचार के लिए हरसंभव प्रयास करने का आदेश दिया तथा द्वितीयक आपदाओं (भूकंप के बाद संभावित आपदाओं) को रोकने, प्रभावित निवासियों के समुचित पुनर्वास तथा इसके बाद के कार्यों को प्रभावी ढंग से करने के लिए प्रयास करने का आग्रह किया। भूकंप के बाद, चीन भूकंप प्रशासन ने स्तर-दो की आपात सेवा प्रतिक्रिया शुरू की तथा आपदा राहत प्रयासों में सहायता के लिए एक कार्य दल को घटनास्थल पर भेजा। केंद्रीय प्राधिकारियों ने भूकंप प्रभावित क्षेत्र में करीब 22,000 आपदा राहत सामग्री भेजी है, जिनमें तंबू, कोट, रजाई और फोल्डिंग बिस्तर के साथ-साथ ऊंचाई वाले और ठंडे क्षेत्रों के लिए विशेष राहत सामग्री भी शामिल है। घटनास्थल पर।,500 से अधिक स्थानीय अग्निशमन कर्मियों और बचावकर्मियों को भी भेजा गया है। शिगाजे को शिगास्ते के नाम से भी जाना जाता है जो भारत की सीमा के करीब है। शिगात्से को तिब्बत के सबसे पवित्र शहरों में से एक माना जाता है। यह पंचेन लामा की पारंपरिक सीट है, जो तिब्बती बौद्ध धर्म के एक प्रमुख व्यक्ति हैं। तिब्बत में पंचेन लामा, आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा के बाद दूसरे नंबर की हैसियत रखते हैं। भूकंप का केंद्र डिंगरी काउंटी के त्सोगो कस्बे में स्थित था, जहां 20 किलोमीटर की परिधि में लगभग 6,900 लोगों की आबादी रहती है। इस क्षेत्र में 27 गांव हैं। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि डिंगरी काउंटी की आबादी 61,000 से अधिक है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने चीन के भूकंप नेटवर्क केंद्र के हवाले से खबर दी कि भूकंप का केंद्र उत्तर-पूर्व नेपाल के खुम्बू हिमालय पर्वतमाला में लोबुत्से के 90 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में है। भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। अपने संदेश में शी ने कहा कि भूकंप की निगरानी और आपदा पूर्व चेतावनी को मजबूत करना, आपातकालीन बचाव आपूर्ति की तुरंत व्यवस्था करना, क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे की मरम्मत में तेजी लाना, यह सुनिश्चित करना कि निवासियों की बुनियादी जरूरतें पूरी हों और सभी के लिए ठंड से सुरक्षा एवं ठंड से बचाव के उपाय (अलाव, हीटर आदि) आवश्यक हैं। चीन तिब्बत को शिजांग कहता है, जो हिमालय क्षेत्र का हिस्सा है।



## तिब्बत में भूकंप के बाद चीन ने माउंट एवरेस्ट के रमणीय क्षेत्रों को पर्यटकों के लिए बंद किया

**बीजिंग।** चीन ने मंगलवार को तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के डिंगरी काउंटी में आए 6.8 तीव्रता के भूकंप के बाद माउंट एवरेस्ट के अपने हिस्से के रमणीय क्षेत्रों को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया। माउंट एवरेस्ट को माउंट क्यूमोलंगमा के नाम से भी जाना जाता है। डिंगरी दुनिया की सबसे ऊंची चोटी का आधार शिविर है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, भूकंप के बाद कर्मचारी और पर्यटक सुरक्षित हैं। भूकंप मंगलवार को बीजिंग के समयानुसार सुबह 9:05 बजे आया। क्षेत्रीय आपदा राहत मुख्यालय के अनुसार, भूकंप में 53 लोगों की मौत हो गई और 62 घायल हो गए। डिंगरी संस्कृति और पर्यटन ब्यूरो के हवाले से सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि दर्शनीय क्षेत्र में होटल की इमारतें और आस-पास के इलाके बरकरार हैं। हालांकि, डिंगरी में स्थित चीनी विज्ञान अकादमी के वायुमंडलीय और पर्यावरण अनुसंधान के लिए क्यूमोलंगमा स्टेशन में बिजली गुल है। इसके बावजूद, सुविधाएं अच्छी स्थिति में हैं। चीन-नेपाल सीमा पर स्थित, माउंट क्यूमोलंगमा 8,840 मीटर से अधिक ऊंचाई पर है, जिसका उत्तरी भाग तिब्बत में स्थित है। इसे चीन जिजांग कहता है। मौसम के पूर्वानुमान से पता चला कि डिंगरी का तापमान शून्य से 18 डिग्री सेल्सियस नीचे से लेकर शून्य तक था।

## पश्चिमी चीन में शक्तिशाली भूकंप से नौ लोगों की मौत

**बीजिंग।** नेपाल के निकट पश्चिमी चीन के पर्वतीय क्षेत्र में मंगलवार सुबह आए शक्तिशाली भूकंप के कारण कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने आपात प्रबंधन मंत्रालय के हवाले से मृतकों की संख्या बताई। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने बताया कि नेपाल की सीमा के पास तिब्बत क्षेत्र में 7.1 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप तिब्बत क्षेत्र के पर्वतीय इलाके में लगभग 10 किलोमीटर की गहराई में आया। सीसीटीवी ने बताया कि चीन की भूकंप निगरानी एजेंसी ने भूकंप की तीव्रता 6.8 दर्ज की है। भूकंप के केंद्र के आसपास के क्षेत्र की औसत ऊंचाई करीब 4,200 मीटर (13,800 फुट) है। सीसीटीवी की ऑनलाइन रिपोर्ट में कहा गया है कि भूकंप के केंद्र से पांच किलोमीटर के दायरे में बहुत कम लोग रहते हैं। भूकंप का केंद्र तिब्बत की राजधानी ल्हासा से 380 किलोमीटर दूर है।

## दक्षिण कोरिया की भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी को राष्ट्रपति यून को हिरासत में लेने के लिए नया वारंट मिला



**सियोल।** दक्षिण कोरिया की भ्रष्टाचार-निरोधक एजेंसी ने कहा है कि उसे महाभियोग के जरिए अपनी शक्ति खो चुके राष्ट्रपति यून सुक एओल को हिरासत में लेने के लिए न्यायालय से नया वारंट मिला है। राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा ने पिछले सप्ताह यून को हिरासत में लेने के एजेंसी के प्रयास पर पानी फेर दिया था। उच्च पदस्थ अधिकारियों से संबंधित भ्रष्टाचार जांच कार्यालय (सीआईओ) ने मंगलवार को तुरंत इस बात की पुष्टि नहीं की कि वारंट कितने समय तक वैध रहेगा। सांसदों के यह पूछने पर कि वारंट की अवधि कब समाप्त होगी, एजेंसी के मुख्य अभियोजक ओह डोंग-वून ने उत्तर देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी जानकारी संवेदनशील होती है, क्योंकि एजेंसी और पुलिस संबंधित वारंट पर अमल करने के तरीकों पर विचार कर रही है। वारंट आमतौर पर सात से 10 दिनों के लिए होते हैं। सियोल पश्चिमी जिला अदालत ने पिछले सप्ताह के शुरू में यून को हिरासत में लेने के लिए वारंट जारी किया था और उनके आवास की तलाशी के लिए एक अलग वारंट जारी किया था, क्योंकि उन्होंने तीन दिसंबर के मार्शल लॉ आदेश पर पूछताछ के लिए उपस्थित होने से इनकार करके अधिकारियों के आदेश की अवहेलना की थी। भ्रष्टाचार-निरोधक एजेंसी के लगभग 150 जांचकर्ताओं और सहायक पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यून को हिरासत में लेने का प्रयास किया, लेकिन राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा के साथ पांच घंटे से अधिक समय तक चले तनावपूर्ण गतिरोध के बाद वे सियोल में उनके निवास से वापस चले गए। जांचकर्ताओं ने सोमवार को पिछले वारंट की अवधि समाप्त होने से पहले यून को हिरासत में लेने का कोई और प्रयास नहीं किया। भ्रष्टाचार-निरोधक एजेंसी और पुलिस ने यून को हिरासत में लेने के लिए और अधिक बलपूर्वक प्रयास करने का वचन दिया है। हालांकि यह तब तक एक जटिल प्रक्रिया हो सकती है जब तक वह (यून) अपने आधिकारिक निवास में रहते हैं। पुलिस और सेना के साथ संयुक्त जांच का नेतृत्व कर रही भ्रष्टाचार-निरोधक एजेंसी यून के खिलाफ उन विद्रोहों के आरोपों की जांच कर रही है जिसके तहत उन्होंने मार्शल लॉ घोषित किया और संसद को घेरने के लिए सैनिकों को रवाना कर दिया। नाकेबंदी को पार करने में कामयाब रहे सांसदों ने कुछ घंटों बाद यून द्वारा जारी मार्शल लॉ के खिलाफ मतदान किया।

### प्रौद्योगिकी और रक्षा आपूर्ति को एकीकृत करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए

# भारत, अमेरिका को विश्वसनीय आधार बनाने के लिए साझेदारों के साथ काम करने की जरूरत : व्हाइट हाउस

**» वाशिंगटन, भाषा।**

**अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और उनके भारतीय समकक्ष अजीत डोभाल के बीच बैठक के बाद व्हाइट हाउस (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) ने कहा कि भारत और अमेरिका को अब अपने साझेदारों के साथ एक विश्वसनीय आधार बनाने और नवोन्मेष के वास्ते लचीला रुख अपनाने के लिए पहले से कहीं अधिक काम करने की जरूरत है। व्हाइट हाउस ने कहा, यह स्वीकार करते हुए कि हमें अपने साझेदारों के साथ एक विश्वसनीय आधार बनाने और और नवोन्मेष के वास्ते लचीला रुख अपनाने के लिए पहले से कहीं अधिक काम करने की जरूरत है, दोनों देशों ने अपनी प्रौद्योगिकी और रक्षा आपूर्ति श्रृंखलाओं को एकीकृत करने के लिए एक साथ महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।**



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर सुलिवान और डोभाल ने 2022 में क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी (आईसीईटी) पर पहल शुरू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस सप्ताह सुलिवन, डोभाल के साथ बैठक करने के लिए भारत की यात्रा पर गए थे। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ भी बैठक की। व्हाइट हाउस ने कहा, बैठक के दौरान, सुलिवन और डोभाल ने रणनीतिक प्रौद्योगिकियों का संयुक्त रूप से उत्पादन और विकास करने के हमारे प्रयासों के महत्व को रेखांकित किया, जो हमें दुनिया के लिए सुरक्षित, विश्वसनीय और किफायती प्रौद्योगिकी समाधान प्रदान करने की अनुमति देगा।

## इजराइली सेना के हमलों में तीन फलस्तीनियों की मौत

यरुशलम। इजराइल की सेना ने कब्जे वाले पश्चिमी तट पर रात भर और मंगलवार को कई हमले किए, जिसमें फलस्तीन के तीन नागरिकों की मौत हो गई। इजराइली सेना ने बताया कि उत्तरी पश्चिमी तट के गांव तमुन में कुछ फलस्तीनियों ने सैनिकों पर गोलीबारी की, जिसके बाद किए गए हवाई हमले में फलस्तीन के दो आतंकवादियों को मार गिराया गया। उसने बताया कि निकटवर्ती गांव तालुजा में हुई मुठभेड़ में एक अन्य आतंकवादी मारा गया, हालांकि इसमें इजराइली सेना का एक जवान भी घायल हो गया। सेना ने कहा कि उसने क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से 20 से अधिक संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है।

# भारतीय प्रौद्योगिकी की गाथा बेहद रोमांचक, सीईएस में निरंतर वृद्धि की उम्मीद : शीर्ष अधिकारी

**» लास वेगास (अमेरिका), भाषा।**

**कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो (सीईएस) के उपाध्यक्ष जॉन केली ने कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकी गाथा बेहद रोमांचक है और हमें उम्मीद है कि यह सीईएस में भी जारी रहेगी जहां भारत के कई स्टार्टअप तथा उद्यमी अपने नवाचारों का प्रदर्शन कर रहे हैं। केली ने यहां विशेष साक्षात्कार में कहा, भारत की कहानी वाकई दिलचस्प है। यह निश्चित रूप से पिछले कई वर्षों काफी व्यापक हुई है। दुनिया का सबसे बड़ा प्रौद्योगिकी कार्यक्रम सीईएस सात से 10 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। इसमें वैश्विक कंपनियां, शीर्ष ब्रांड, नवोन्मेषी स्टार्टअप, उद्योग जगत के लोग, मीडिया तथा सरकारी अधिकारी एक साथ आएंगे। संगठन के अनुसार, उपभोक्ता प्रौद्योगिकी एसोसिएशन (सीटीए) के इस व्यापार कार्यक्रम में।,400 स्टार्टअप सहित 4,500 से अधिक प्रदर्शक हिस्सा लेंगे।**




300 से अधिक सम्मेलन सत्रों में 1,100 वक्ता भाग लेंगे। इस वर्ष भारत के स्टार्टअप तथा उद्यमी व्यापार कार्यक्रम में अपने प्रौद्योगिकी उत्पादों तथा पेशकशों का प्रदर्शन करेंगे। केली ने कहा, भारतीय प्रौद्योगिकी की गाथा काफी रोमांचक है। भारत तेजी से एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बनता जा रहा है और वैश्विक प्रौद्योगिकी परिवेश में इसका महत्व बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई वैश्विक कंपनियां भारतीय तथा वैश्विक दोनों बाजारों के लिए प्रौद्योगिकियों के विकास हेतु भारतीय कंपनियों के साथ साझेदारी कर रही है। सीईएस में इसका प्रभाव देखने को मिलेगा। इससे पहले एक संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में केली ने कहा था कि 2024 में सीईएस में शो फ्लोर पर पहला भारतीय मंडप होगा। उन्होंने कहा, सीईएस में पहली बार कुछ छोटे भारतीय उद्यमों को शामिल होते देखना वाकई रोमांचक था। सीईएस बड़ी तथा छोटी कंपनियों को वास्तव में अपनी प्रौद्योगिकी, उत्पाद और समाधान पूरी दुनिया के सामने प्रदर्शित करने का अवसर देने के लिए ही पहचाना जाता है।

### न्यूज ब्रीफ

## असद सरकार के पतन के बाद पहली वाणिज्यिक उड़ान सीरिया की धरती पर उतरी

**» दमिश्क, भाषा।**



**सीरिया के तत्कालीन राष्ट्रपति बशर अल-असद को सत्ता से बेदखल करने की घटना के करीब एक महीने बाद पहली अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक उड़ान मंगलवार को दमिश्क हवाई अड्डे पर उतरी। यह विमान कतर से सीरिया पहुंचा। जॉर्डन की सरकारी समाचार एजेंसी पेट्रा की खबर के मुताबिक, रॉयल जॉर्डन एयरलाइंस का एक विमान परीक्षण उड़ान के तहत दमिश्क के लिए रवाना हुआ है। नागरिक उड्डयन नियामक आयोग के प्रमुख कैप्टन हैथम मिस्तो अन्य विशेषज्ञों की एक टीम के साथ विमान में सवार थे। उन्होंने कहा कि इस उड़ान का उद्देश्य नियमित उड़ानें पुन शुरू करने से पहले दमिश्क हवाई अड्डे की तकनीकी स्थिति का आकलन करना था।**

करीब एक महीने पहले विद्रोहियों ने असद को अपदस्थ कर दमिश्क पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद पूर्ववर्ती सरकार से राजनयिक संबंध तोड़ चुके अरब और पश्चिमी देश नए पदाधिकारियों के साथ राजनयिक संबंध धीर-धीरे बहाल कर रहे हैं। असद के पतन के बाद स्थापित सरकार का नेतृत्व इस्लामवादी विद्रोही समूह हयात तहरीर अल-शाम या एचटीएस कर रहा है। सीरिया के नए विदेश मंत्री असद अल-शिबानी ने हाल के दिनों में कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा की है। असद को अपदस्थ किए जाने से पहले सीरिया करीब 14 साल तक गृह युद्ध से जूझता रहा और उम्मीद है कि उसके पुनर्निर्माण के लिए खाड़ी देशों द्वारा वित्तपोषण अहम साबित होगा। अल-शिबानी मंगलवार को अम्मान में अपने समकक्ष से मुलाकात करने के लिए जॉर्डन के दौरे पर गए।

# ट्रंप ने कनाडा को अमेरिका का 51वां प्रांत बनाने का अपना प्रस्ताव दोहराया

**» वाशिंगटन, भाषा।**

**अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो के इस्तीफे के कुछ समय बाद सोमवार को कनाडा को अमेरिका का 51वां प्रांत बनाने का अपना प्रस्ताव दोहराया। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो ने अपने नेतृत्व के प्रति बढ़ते असंतोष के मद्देनजर सोमवार को पद से इस्तीफे की घोषणा की। इस साल कनाडा में आम चुनाव होने हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री ने कहा कि जब तक पार्टी नया नेता नहीं चुन लेती, तब तक वह प्रधानमंत्री बने रहेंगे। ट्रंप, पांच नवंबर को अपनी चुनावी जीत के बाद मार-ए-लागो में ट्रुडो से मुलाकात के बाद से ही कनाडा को अमेरिका का 51वां प्रांत बनाने का विचार व्यक्त करते रहे हैं। उसके बाद से वह कई बार अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर इसका जिक्र कर चुके हैं।**



ट्रंप के पिछले कार्यकाल (2017-2021) के दौरान भी ट्रूडो के साथ उनके कभी अच्छे संबंध नहीं रहे। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर कहा, कनाडा में भी बहुत से लोग अपने देश को अमेरिका का 51वां प्रांत बनाने के इच्छुक हैं। अमेरिका अब उन भारी व्यापार घाटे और सब्सिडी को वहन नहीं कर सकता है जिनकी कनाडा को अपने अस्तित्व को बचाए रखने के लिए जरूरत है। जस्टिन ट्रूडो को यह पता था और उन्होंने इस्तीफा दे दिया। ट्रूडो के इस्तीफे के बाद सोमवार को ट्रंप ने कहा, अगर कनाडा अमेरिका का हिस्सा बन जाता है तो कोई कर नहीं होगा, कर बहुत कम हो जाएंगे और वे रूसी और चीनी जहाजों के खतरे से पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे जो लगातार उन्हें घेरे रहते हैं। साथ मिलकर, यह कितना महान देश बनेगा। कनाडा की ओर से ट्रंप के प्रस्ताव पर कोई तवज्जो नहीं दी गई है। ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर कनाडा अमेरिका के साथ अपनी दक्षिणी सीमा से मादक पदार्थ तस्करी और अवैध प्रवासियों की घुसपैठ को नहीं रोकता है तो कनाडाई आयात पर 25 प्रतिशत कर लगाया जाएगा।

## ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेगा भारतीय अमेरिकी ढोल बैंड समूह

**वाशिंगटन।** अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में 20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रंप के शपथ लेने के बाद आयोजित होने वाली परेड में शामिल होने के लिए एक भारतीय अमेरिकी ढोल बैंड को आमंत्रित किया गया है। यह परेड कैपिटल हिल (अमेरिकी संसद परिसर) से व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का अधिकारिक आवास एवं कार्यालय) तक निकाली जाएगी। सोमवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि टेक्सास स्थित भारतीय पारंपरिक ढोल बैंड समूह शिवम ढोल ताशा पाठक अपनी जीवंत ताल और जोशीले धुन के साथ वाशिंगटन में इस कार्यक्रम के दौरान दुनिया को भारत की समृद्ध संगीत परंपराओं की एक झलक पेश करेगा, जिसे विश्व भर में लाखों लोग देखेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया कि यह उपलब्धि सिर्फ इस समूह के लिए ही नहीं बल्कि टेक्सास और अमेरिका एवं दुनिया भर में रहने वाले भारतीय समुदाय के लिए भी एक गौरवशाली क्षण है। यह पहली बार है जब टेक्सास राज्य से भारतीय पारंपरिक ढोल बैंड समूह इतने भव्य मंच पर प्रदर्शन करेगा।

## बाइडन सत्ता हस्तांतरण को मुश्किल बनाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आरोप लगाया कि जो बाइडन सत्ता हस्तांतरण को मुश्किल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने अंतिम सप्ताहों में जलवायु और अन्य आधिकारिक मसलों पर बाइडन के हालिया कार्यकारी आदेशों का हवाला दिया। ट्रम्प, 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे और अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस में बाइडन की जगह लेंगे। ट्रंप ने खुद के सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर कहा, बाइडन सत्ता हस्तांतरण को मुश्किल बनाने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए इस तरह के फैसले लिए जा रहे हैं जो पहले कभी नहीं देखे गए। ग्रीन न्यू स्कैम , धन की बर्बादी के फैसले और हास्यास्पद कार्यकारी आदेश इसके उदाहरण हैं। ट्रंप ने कहा, डरो मत, ये सभी आदेश जल्द ही समाप्त हो जाएंगे, और हम सामान्य समझ तथा ताकत वाला देश बन जाएंगे। कांग्रेस (अमेरिकी संसद) द्वारा ट्रंप की जीत की पुष्टि किए जाने से कुछ पहले और बाइडन के अमेरिका के अधिकांश तटरेखा पर तेल तथा प्राकृतिक गैस के लिए खुदाई पर प्रतिबंध लगाने के आदेश के बाद उनका यह बयान आया।

## अटलांटा के पास होंडुरास वाणिज्य दूतावास में गोलीबारी, एक की मौत

**» डोराविले, भाषा।**

**अटलांटा के बाहरी इलाके में स्थित होंडुरास वाणिज्य दूतावास में सोमवार को हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया है। मैक्सिको के विदेश मामलों के सचिव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक बयान में कहा कि इस गोलीबारी में मारा गया व्यक्ति मैक्सिको का नागरिक था जो वाणिज्य दूतावास में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करता था।**

शहर की प्रवक्ता एमिली हिनान ने बताया कि डोराविले पुलिस को दोपहर करीब ढाई बजे गोलीबारी की सूचना मिली। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो उसने पाया कि दो लोगों को गोली लगी है। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया जबकि दूसरे को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। हेनन ने बताया कि घटनास्थल पर एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया और उसे पूछताछ के लिए डोराविले पुलिस थाने ले जाया गया है।

### द्विदलीय अंतरधार्मिक प्रार्थना सभा का आयोजन तीन जनवरी को हुआ

# भारतीय अमेरिकी कांग्रेस सदस्य ने द्विदलीय अंतरधार्मिक प्रार्थना सभा में गीता का श्लोक पढ़ा

**» वाशिंगटन, भाषा।**

**भारतीय-अमेरिकी कांग्रेस सदस्य राजा कृष्णमूर्ति ने 119वीं कांग्रेस (अमेरिकी संसद) के पहले दिन द्विदलीय अंतरधार्मिक प्रार्थना सभा में भगवद गीता का एक श्लोक पढ़ा। द्विदलीय अंतरधार्मिक प्रार्थना सभा का आयोजन तीन जनवरी को हुआ, जिसका उद्देश्य नई कांग्रेस के आधिकारिक रूप से दो वर्ष के कार्यकाल के लिए गठित होने से पहले ईश्वर से आशीर्वाद लेना था। कृष्णमूर्ति (51) ने तीन जनवरी को लगातार पांचवीं बार अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। वह इलिनोइस के 8वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करते हैं।**



कृष्णमूर्ति प्रार्थना सभा में हिंदू धर्म का प्रतिनिधित्व करने वाले एकमात्र वक्ता थे, जबकि अन्य वक्ताओं में प्रतिनिधिसभा के स्पीकर माइक जॉनसन और डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता हकीम जेफ्रीज शामिल थे। कृष्णमूर्ति ने कहा, वर्षों पहले, हिंदू अमेरिकियों को हमारे देश की राजधानी में प्रार्थना सभाओं में शामिल नहीं किया जाता था। उन्होंने कहा, मैं आभारी हूं कि अब हमारे पास इसमें (प्रार्थना में) शामिल होने का मौका है और मैं रिपब्लिकन पार्टी एवं डेमोक्रेटिक पार्टी के दोनों ही सहयोगियों तक हिंदू धर्म के सुंदर आशीर्वचनों को पहुंचाने में भूमिका निभा सकता हूं। हमने साथ मिलकर शांति एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की और ऐसा करके हम अपने देश के सामने आने वाली सबसे कठिन चुनौतियों से निपटने के लिए बेहतर तरीके से तैयार हैं। इसके बाद कृष्णमूर्ति ने भगवद गीता का एक श्लोक पढ़ा। कृष्णमूर्ति, अमेरिका के चार हिंदू सांसदों में से एक हैं। अन्य तीन रो खन्ना, श्री थानेदार और सुहास सुब्रमण्यन हैं।

## अमेरिकी कांग्रेस सदस्य सुहास सुब्रमण्यन ने गीता पर हाथ रखकर शपथ ली



**वाशिंगटन।** अमेरिकी कांग्रेस सदस्य सुहास सुब्रमण्यन ने गीता पर हाथ रखकर पद की शपथ ली। इस साल वह अकेले ऐसे सांसद हैं जिन्होंने हिन्दुओं के पवित्र धार्मिक ग्रंथ भगवद गीता पर हाथ रखकर शपथ ली है। सुब्रमण्यन वर्जीनिया से पहले भारतीय-अमेरिकी कांग्रेस सदस्य हैं और उनके शपथ लेने के दौरान उनकी मां भी मौजूद थीं। शपथ ग्रहण के बाद सुब्रमण्यन ने एक बयान में कहा, मेरे माता-पिता ने मुझे वर्जीनिया से पहले भारतीय-अमेरिकी सांसद के रूप में शपथ लेते देखा। उन्होंने कहा, अगर आपने मेरी मां को भारत से डलेस हवाई अड्डे पर उतरने पर यह बताया होता कि उनका बेटा अमेरिकी कांग्रेस (संसद) में वर्जीनिया का प्रतिनिधित्व करने वाला है, तो शायद वह आप पर विश्वास न करतीं। वर्जीनिया का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला, इसके लिए मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में निर्वाचित पहली अमेरिकी हिन्दू तुलसी गबार्ड (43) पहली ऐसी सांसद हैं जिन्होंने गीता पर हाथ रखकर शपथ ली थी। उन्होंने पहली बार तीन जनवरी 2013 को हवाई के कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतिनिधि सभा की सदस्य के रूप में शपथ ली थी। गबार्ड ने किशोरावस्था में ही हिंदू धर्म अपना लिया था।

# भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला को अपनी कार से टक्कर मारने वाला पुलिस अधिकारी बर्खास्त

**» सिएटलान्यूयार्क, भाषा।**

**एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, सिएटल के पुलिस अधिकारी को विभाग से बर्खास्त कर दिया गया है जिसने जनवरी 2023 में भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला को अपनी तेज रफ्तार कार से टक्कर मार दी थी। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी केविन डेव 23 जनवरी, 2023 को सिएटल में एक गश्ती कार चला रहा था और उसने सड़क पार कर रही आंध्र प्रदेश की 23 वर्षीय कंडुला को टक्कर मार दी थी। उस समय, डेव की कार की रफ्तार 74 मील प्रति घंटे (119 किमीघंटा से अधिक) थी। कार से टक्कर लगने के कारण कंडुला 100 फुट दूर जा गिरी थी। सिएटल टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, सिएटल पुलिस की अंतरिम प्रमुख सू राहर ने कहा कि उन्होंने डेव को सिएटल पुलिस विभाग से बर्खास्त कर दिया है।**



मेल में कहा गया है कि सिएटल पुलिस के जवाबदेही कार्यालय ने पाया कि डेव ने विभाग की चार नीतियों का उल्लंघन किया था। सिएटल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, डेव की खतरनाक ड्राइविंग के दुखद परिणामों को स्वीकार नहीं किया जा सका, उसके कारण मानव जीवन की हानि हुई और सिएटल पुलिस विभाग की बदनामी हुई। यह घटनाक्रम सिएटल के एक अन्य पुलिस अधिकारी डैनियल ऑडरर को कंडुला की मौत के बाद उसकी असंवेदनशील टिप्पणियों और हंसने के कारण नौकरी से निकाले जाने के कुछ महीने बाद हुआ है। सिएटल में भारत का महावाणिज्य दूतावास इस मामले में न्याय सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों और कानून प्रवर्तन अधिकारियों के साथ लगातार प्रयासरत रहा था। वाणिज्य दूतावास कंडुला के परिवार के प्रतिनिधियों के नियमित संपर्क में था और उसने कहा था कि वह जाह्नवी और उसके परिवार को न्याय सुनिश्चित करने में हरसंभव सहायता प्रदान करता रहेगा।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,